


दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित


आज सावन माह का दूसरा सोमवार




● नई दिल्ली। सोमवार 21 जुलाई-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 212 पेज-09 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3


# सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में जलाभिषेक, लिया कॉरिडोर का जायजा

**रुद्राभिषेक में सीएम के साथ मौजूद रहे महंत नारायण गिरी, सांसद अतुल गर्ग , शहर विधायक संजीव शर्मा व महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल**

## रविवार को अचानक पूजा-अर्चना करने पहुंचे सीएम योगी

### - योगी को देखने के लिए बड़ी संख्या में मौजूद रहे श्रद्धालु



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** रविवार की सुबह अचानक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर पहुंचे। यहां कांवड़ मेले की तैयारियों का जायजा लिया तो दूधेश्वरनाथ मंदिर के महंत नारायण गिरी से मुलाकात की और रुद्राभिषेक कर दूधेश्वरनाथ मंदिर के कॉरिडोर के निर्माण की प्रगति का जायजा भी लिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसे ही दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में प्रवेश करते हैं, वहां मौजूद शिव भक्तों और आसपास के लोगों ने मुख्यमंत्री का नाम लेकर स्वागत किया। तो इस दौरान हर- हर महादेव और जय दूधेश्वरनाथ महाराज के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर गूंज गया। मुख्यमंत्री के आगमन के चलते पूरा मंदिर और मंदिर मार्ग सुरक्षा के कड़े घेरे में रखा गया। खुद मौके पर पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड, डीएम दीपक मीणा, एडीसीपी सिटी जोन धवल जायसवाल, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, सांसद अतुल गर्ग, विधायक संजीव शर्मा और भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल सहित बड़ी संख्या में लोग इस दौरान मौजूद रहे।



## महंत नारायण गिरी ने किया पारंपरिक अंदाज में स्वागत और फिर करवाया पूजन

करंट क्राइम : दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे। तो महंत नारायण गिरी और मंदिर के पाठशाला से आए विद्यार्थियों ने पारंपरिक सनातनी परंपरा के साथ मुख्यमंत्री का गेट पर प्रवेश करते ही स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री अंदर पहुंचे और नंदी दर्शन करने के बाद दूधेश्वरनाथ मंदिर के गर्भ ग्रह में पहुंचे। जहां रुद्राभिषेक किया गया। रुद्राभिषेक के दौरान सांसद अतुल गर्ग, विधायक संजीव शर्मा ,भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल और महंत नारायण गिरी की उपस्थिति में पूरा रुद्राभिषेक हुआ। इस दौरान मुख्यमंत्री को दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी ने प्रतीक चिन्ह भेंट करते हुए उनका सम्मान भी किया।

## लगभग 28 मिनट तक मंदिर में मौजूद रहे मुख्यमंत्री योगी

करंट क्राइम : दूधेश्वरनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री के आगमन की सूचना मिलते ही सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया गया था। मुख्यमंत्री के हिंडन से लेकर मेरठ रोड दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर हापुड़ रोड और पुलिस लाइन तक लगभग 800 पुलिस कर्मियों की अलग-अलग स्तर के अधिकारियों के साथ ड्यूटी लगाई गई थी। तो मंदिर परिसर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिलाधिकारी दीपक मीणा से कांवड़ मेले की व्यवस्थाओं और शिवरात्रि पर्व पर क्या इंतजाम रहेंगे, इसको भी जाना। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से भी यहां की व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत जानकारी हासिल की।

## कॉरिडोर का किया निरीक्षण और फिर हेलीकॉप्टर से हुई मेरठ को रवानगी



करंट क्राइम : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब दूधेश्वरनाथ मंदिर में पूजा अर्चना एवं अधिकारियों से मुलाकात के बाद बाहर निकले, तो उन्होंने मंदिर कॉरिडोर के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। पूछा कि यह प्रोजेक्ट कब तक पूरा हो जाएगा। साथ ही पर्यटन विभाग और नगर निगम के अधिकारियों से इसको बेहतर और आधुनिक बनाने का निर्देश दिया गया है। इसके बाद मुख्यमंत्री वहां से काफिले में पुलिस लाइन पहुंचे और पुलिस लाइन से उनका हेलीकॉप्टर मेरठ के लिए रवाना हो गया। मेरठ पहुंचने के बाद उन्होंने हवाई सफर करते हुए शिव भक्तों पर पुष्प वर्षा की और कार्यक्रम में भाग लिया।

## पहली बार सावन मास में दूधेश्वरनाथ मंदिर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी



करंट क्राइम : दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर की अपनी अलग आस्था और इतिहास है। तो जब भी गाजियाबाद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आते हैं तो वह सबसे पहले दूधेश्वर नाथ महादेव का नाम लेते हुए गाजियाबाद को प्रणाम करते हैं। रविवार को जब वह सावन मास कांवड़ शिवरात्रि और द्वितीय सोमवार को लेकर यहां पहुंचे तो जिसने भी दूधेश्वरनाथ मंदिर में योगी आदित्यनाथ को देखा वह उनको देखकर सर झुका रहा था।

## अधिकारियों ने कम समय में किए बेहतर इंतजाम



करंट क्राइम : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गाजियाबाद में आगमन का कार्यक्रम रविवार की सुबह ही फाइनल हुआ। आनन-फानन में अधिकारियों ने पुलिस, प्रशासन और अन्य विभागों को लगा दिया ताकि सुरक्षा के लिहाज से कोई कमी ना रहे और अन्य व्यवस्थाओं को भी पूर्ण हों।

## दूधेश्वरनाथ मंदिर आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति का जीवंत प्रतीक : योगी



करंट क्राइम : मंदिर दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रावण मास के पावन अवसर पर गाजियाबाद से श्रावण कांवड़ मेला का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि दूधेश्वरनाथ मंदिर आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति का जीवंत प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने दूधेश्वर पीठाधीश्वर श्रीमहंत नारायण गिरी महाराज के संरक्षण में हो रहे धार्मिक और सांस्कृतिक विकास की सराहना की।

### श्रद्धा को बदनाम करने वालों से सख्ती से निपटेगा प्रशासन

करंट क्राइम। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि कुछ असामाजिक तत्व इस पवित्र यात्रा को बदनाम करने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ तत्व सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से कांवड़ यात्रा को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। यह हर कांवड़ संघ, हर शिवभक्त का कर्तव्य है कि वे ऐसे उपद्रवियों की पहचान कर उन्हें बेनकाब करें और प्रशासन को तत्काल सूचना दें। सीएम योगी ने कहा कि पूरे मार्ग पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और यात्रा पूरी होने के बाद उपद्रवियों की पहचान कर उनके पोस्टर सार्वजनिक किए जाएंगे। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि उन पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सीएम योगी ने कांवड़ियों पर की पुष्प वर्षा शिवभक्तों की श्रद्धा का किया सम्मान

**बोले - कांवड़ यात्रा की आड़ में उपद्रव करने वाले अराजक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा**



मेरठ, करंट क्राइम। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में कांवड़ यात्रा के पवित्र अवसर पर शिवभक्तों का स्वागत कर उनकी श्रद्धा को सम्मान दिया। मेरठ में उन्होंने स्वयं सड़क पर उतरकर कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की, वहीं कुछ जिलों में हेलिकॉप्टर से पुष्प बरसाकर भावनात्मक श्रद्धा को नमन किया। इसी दौरान मेरठ में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा की आड़ में जो भी उपद्रव करेगा और पवित्र यात्रा को बदनाम करने का प्रयास करेगा, उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि सावन मास में आप सभी का हृदय से अभिनंदन करता हूं। देश के विभिन्न राज्यों से लाखों शिवभक्त हरिद्वार से पावन गंगाजल लेकर भगवान शिव के विभिन्न मंदिरों में जलाभिषेक करेंगे। बाबा औघड़नाथ मंदिर, पुरा महादेव मंदिर, दुग्धेश्वरनाथ मंदिर जैसे पवित्र स्थलों पर श्रद्धालु अपने भाव व्यक्त करेंगे। यह अत्यंत आनंददायक है कि इस यात्रा में युवा, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी शामिल होकर सामाजिक समता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं।

## 'सीएम योगी आदित्यनाथ दे रहे हैं कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को एक अलग ही मुकाम'

# 26 जुलाई को जा रहे हैं 3 आईएएस के साथ कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा जापान








**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भरोसा कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा पर लगातार बढ़ रहा है। ये गाजियाबाद के लिये भी गर्व की बात हो सकती है जब जापान में आयोजित होने वाले वर्ल्ड एक्सो 2025 का आयोजन हो रहा है तो यहां उत्तर प्रदेश से केवल दो मंत्री चुने गए हैं और इन दो मंत्रियों में गाजियाबाद के साहिबाबाद विधानसभा विधायक और उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा भी हैं। सुनील शर्मा 28 जुलाई से एक अगस्त तक जापान में होने वाले आयोजन में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्हें मुख्यमंत्री ने जापान जाने वाले डेलीगेशन के लिये चुना है। वर्ल्ड एक्सपो जापान में 13 अक्टूबर 2025 के मध्य ओसाका जापान में प्रस्तावित है।

इस आयोजन में भारत द्वारा भी प्रतिभाग किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा स्थापित किये जाने वाले पवेलियन में उत्तर प्रदेश राज्य को भी 350 वर्ग फीट का स्थान आवंटित किया जाना प्रस्तावित है। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश की ओर से प्रतिनिधिमंडल जाएगा। जिसके लिये 20 जुलाई से 24 जुलाई वाले कार्यक्रम में मंत्री सुरेश खन्ना भाग लेंगे। उनके साथ प्रमुख सचिव अवस्थापना तथा औद्योगिक विकास विभाग आलोक कुमार रहेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री के सचिव अमित सिंह और मुख्यमंत्री के विशेष सचिव विपिन कुमार जैन भी जापान गए हैं। वहीं कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा 28 जुलाई से लेकर एक अगस्त तक जापान में रहेंगे। उनके साथ टीम में प्रमुख सचिव नियोजन विभाग आलोक कुमार थर्ड, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी शशांक चौधरी तथा अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीसीडा चर्चित गौड़ भी साथ जा रहे हैं।

साहिबाबाद के विधायक और उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का जापान जाने वाले डेलीगेशन में चयन होना एक बड़ी बात है क्योंकि ये वो प्रतिनिधिमंडल है जो विदेश में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा और जब उत्तर प्रदेश की बात आएगी तो यहां सरकार के 60 मंत्रियों में से केवल दो मंत्री चुने गए हैं जिनमें एक मंत्री गाजियाबाद के सुनील शर्मा हैं। सुनील शर्मा पर मुख्यमंत्री का भरोसा बढ़ रहा है। ये एक डिप्लोमेटिक टूर है। इस खबर की पुष्टि करते हुए कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि वह 26 जुलाई को दिल्ली से रवाना होंगे। उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों का पूर्णतया पालन करेंगे और जापान में अपने देश भारत और प्रदेश उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## लगातार बढ़ रहा है कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का कद

गाजियाबाद ( करंट क्राइम) । सुनील शर्मा देश की सबसे बड़ी विधानसभा में देश की सबसे बड़ी जीत हासिल करने वाले विधायक हैं । वो उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं और अगर हाल में ही हुई कई बड़ी घटनाओं पर निगाह डाले तो ये पता चलता है कि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा पर मुख्यमंत्री का भरोसा बढ़ रहा है । उनका प्रदेश और देश की राजनीति में कद बढ़ रहा है । वो इस वर्ष वर्ल्ड एक्सपो मेले के लिये अपने राज्य का पक्ष रखने जापान जा रहे हैं । ये एक अंतर्राष्ट्रीय घटना है । वर्ल्ड एक्सपों में अंतर्राष्ट्रीय निवेश की बात होगी और भारत अपने राज्यों को ये अवसर दे रहा है । सबसे बड़ी बात ये है कि जब राज्य सरकार का यानी मुख्यमंत्री को यहां अपने मंत्रियों को अवसर देना है तो प्रदेश सरकार के 60 मंत्रियों में से केवल दो मंत्री चुने गए जिनमें एक मंत्री गाजियाबाद जिले से है । अगर इस ग्राफ नजर डाले तो पता चलता है कि बीते दिनों जब उप राष्ट्रपति नोएडा आए तो उनके स्वागत के लिये सुनील शर्मा को नामित किया गया था । प्रधानमंत्री जब सहारनपुर में आए तो यहां भी उन्हें रिसीव करने वाले नामित चेहरों में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का नाम था और बीते दिनों जब साहिबाबाद क्षेत्र में स्थित सीईएल कंपनी में उपराष्ट्रपति आए तो यहां भी सुनील शर्मा की ड्यूटी लगाई गई थी । दिल्ली में जब ऊर्जा को लेकर कांफ्रेंस हुई थी तो ऊर्जा मंथन कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश से कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को नोमिनेट किया गया ।

## कैबिनेट मंत्री थे भक्ति में लीन, इसलिये बन गया ऐसा सीन

गाजियाबाद ( करंट क्राइम) । रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद आए । वह भगवान शिव का जलाभिषेक करने दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर पहुंचे । इस दौरान सभी को हैरानी तब हुई जब कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा दिखाई नहीं दिये । आखिर कैबिनेट मंत्री क्यों नहीं आए इसको लेकर करंट क्राइम ने जब कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से ही बात की तो पूरा सीन समझ में आ गया । दरअसल सुनील शर्मा शुरू से ही सावन माह में विशेष पूजन-अर्चन करते हैं । उनकी यह पूजा घंटों तक चलती है । इस दौरान कोई विघ्न नहीं होता है । वहीं मुख्यमंत्री का कार्यक्रम अचानक बना और जिलाधिकारी की ओर से जब कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को फोन किया गया तो उस समय वह शिव भगवान की पूजा में लीन थे । पूजा संपन्न होने के बाद उनके सचिव ने उन्हें अवगत कराया कि जिलाधिकारी के यहां से फोन आया है । कैबिनेट मंत्री ने कॉल बैक की तो पता चला कि डीएम उन्हें मुख्यमंत्री के आने की सूचना दे रहे थे । जब तक सूचना मिली तब तक मुख्यमंत्री प्रस्थान कर चुके थे । इसलिये ये सीन हो गया कि इधर कैबिनेट मंत्री देवादिदेव महादेव की भक्ति में लीन थे और उधर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी भगवान भोलेनाथ शंकर के मंदिर में पवित्र शिवलिंग पर जलाभिषेक कर रहे थे, पूजन अर्चन कर रहे थे ।

# मानसून सत्र में हंगामे के आसार !
## सरकार को घेरने के लिए विपक्ष हुआ एकजुट




**आज से मानसूत्र सत्र शुरू**

**नई दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू हो रहा है। मानसून सत्र में केंद्र सरकार को घेरने के लिए विपक्ष एकजुट हो गया है। रविवार को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने तमाम मुद्दे उठाए। इस दौरान विपक्ष ने पहलगाम हमला, भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम पर ट्रंप के दावे पर सरकार के जवाब, बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण पर बात की। संसद का यह मानसून सत्र 21 अगस्त तक चलेगा। इसमें कुल 21 बैठकें होंगी।

**कांग्रेस ने इन मुद्दों को उठाएगी :** सर्वदलीय बैठक में भाग लेने के बाद कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि इस सत्र में हम पहलगाम हमला, बांग्लादेश सीमाओं पर संघर्ष, बिहार में विशेष मतदाता पुनरीक्षण, ट्रंप के दावों समेत कई मुद्दे उठाएंगे। प्रधानमंत्री का यह कर्तव्य और नैतिक जिम्मेदारी है कि वे संसद के माध्यम से राष्ट्र को संबोधित करें। मुझे उम्मीद है कि प्रधानमंत्री अपना नैतिक और नैतिक कर्तव्य निभाएंगे।

उन्होंने कहा कि कई अहम मुद्दे हैं जिन पर सरकार को अपनी बात रखनी चाहिए। पहला मुद्दा पहलगाम का है और उस पर उपराज्यपाल द्वारा दिए गए बयान भी गंभीर हैं। काफी समय बीत चुका है और अब सरकार को इस पर स्पष्ट रूप से अपनी स्थिति संसद में रखनी चाहिए।

उन्होंने कहा, दूसरा मुद्दा अमेरिकी राष्ट्रपति के हालिया बयान से जुड़ा है, जो भारत की गरिमा और हमारी सेना की वीरता पर सवाल उठाने का है। इसका जवाब सिर्फ भारत के प्रधानमंत्री ही दे सकते हैं। तीसरा अहम मुद्दा मतदान के अधिकार और चुनाव प्रक्रिया से जुड़ा है। आज जब चुनाव आयोग विभिन्न राजनीतिक दलों से संवाद से बच रहा है, स्पष्टता नहीं दे रहा है, तो आगामी राज्य चुनावों और लोकतांत्रिक ढांचे पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे संसद में आकर सरकार का पक्ष रखें।

गोगोई ने कहा कि तीसरी बात ये है कि हमारे वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने एक बहुत ही संवेदनशील मुद्दा उठाया है। चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ हमारी सीमा पर जो दो-मोर्चे की धुरी बन गई है, इसलिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम रक्षा और विदेश नीति पर बात करें। प्रधानमंत्री मोदी का इस सदन में आना और इन तीनों विषयों पर अपने विचार रखना बहुत महत्वपूर्ण होगा।

उन्होंने कहा कि सरकार मणिपुर से संबंधित कई विधेयक ला रही है, लेकिन प्रधानमंत्री ने पहले कहा था कि कुछ महीनों में मणिपुर में शांति लौटेगी। अब लगभग ढाई साल बीत चुके हैं, लेकिन वहां अभी भी अशांति का माहौल बना हुआ है। प्रधानमंत्री छोटे-छोटे देशों की यात्रा तो करते हैं, लेकिन अपने ही देश के एक छोटे राज्य में, जहां अब भी हालात गंभीर हैं, वहां जाने से परहेज कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि आगामी संसद सत्र में इन सभी महत्वपूर्ण मुद्दों पर सकारात्मक और गंभीर चर्चा होगी, और प्रधानमंत्री इन पर सदन में अपना पक्ष स्पष्ट करेंगे।

# संसद में हर सवाल का जवाब देंगे
## हम ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए तैयार : रिजिजू




**नई दिल्ली।** संसद के मानसून सत्र से पहले हुई सर्वदलीय बैठक के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तमाम मुद्दों पर चर्चा हुई। सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि संसद को सुचारू रूप से चलाने के लिए सरकार-विपक्ष के बीच समन्वय होना चाहिए। हम मानसून सत्र में ऑपरेशन सिंदूर जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा को हटाने के प्रस्ताव पर सांसदों के हस्ताक्षरों की संख्या पहले ही 100 को पार कर चुकी है।

सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि संसद सत्र शुरू होने से पहले सभी दलों के नेताओं की एक बैठक हुई। इस सत्र में कुल 51 राजनीतिक दल और स्वतंत्र सांसद भाग लेंगे। इन 51 दलों के 54 सदस्यों ने बैठक में भाग लिया। 40 सांसदों ने अपनी पार्टियों की ओर से अपनी राय रखी। यह बहुत रचनात्मक थी। सभी राजनीतिक नेताओं ने अपनी पार्टियों की स्थिति और उन मुद्दों को बताया जो वे इस सत्र में लाना चाहते हैं।


उन्होंने कहा कि सरकार ने सभी की बातों पर ध्यान दिया है। हमने अनुरोध किया है कि सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चले, इसके लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष को अच्छे समन्वय के साथ मिलकर काम करना चाहिए। हम अलग-अलग विचारधाराओं वाले राजनीतिक दल हो सकते हैं, लेकिन यह सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है कि संसद सुचारू रूप से चले।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के दावों के मुद्दे पर सरकार संसद में उचित जवाब देगी। कई मुद्दे ऐसे हैं जिन पर पार्टियों ने कहा है कि इन पर संसद में चर्चा होनी चाहिए। हम खुले दिल से चर्चा के लिए तैयार हैं। हम नियमों और परंपराओं के अनुसार काम करते हैं और इनका बहुत महत्व रखते हैं। इसलिए हम हर मुद्दे पर चर्चा करेंगे लेकिन नियमों और परंपराओं के अनुसार।

उन्होंने कहा कि विपक्ष ने अपनी राय रखी। एनडीए, यूपीए (इंडिया गठबंधन) और उनके बीच के दलों ने अपनी राय रखी है। हम इन सभी मुद्दों को संसद में ले जाएंगे, क्या चर्चा करनी है और क्या नहीं, इसका फैसला बीएसी (कार्य मंत्रणा समिति) में किया जाएगा।

**सभी को मिलेगा समय :** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि छोटे राजनीतिक दलों, खासकर जिनके 1-2 सांसद हैं, को बोलने के लिए कम समय मिलता है क्योंकि समय उनकी संख्या के अनुसार आवंटित किया जाता है।

# शारदा यूनिवर्सिटी की छात्रा के सुसाइड केस में खुलासा
## 'प्रोफेसर ने चप्पल मारने, फेल करने की दी धमकी'



**मां का आरोप है कि छात्रा के प्रोजेक्ट की फाइल भी फेंक दी गई।**

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की शारदा विश्वविद्यालय के हॉस्टल में आत्महत्या करने वाली छात्रा ज्योति शर्मा अगस्त में होने वाली परीक्षा से पहले प्रोजेक्ट पर प्रोफेसरों के हस्ताक्षर नहीं करने से आहत थी। छात्रा की मां सुनीता के मुताबिक अगस्त में तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा होनी है। छात्रा ने मेडिकल प्रोजेक्ट के तौर पर डेंचर (बत्तीसी) पर प्रोजेक्ट तैयार किया था। 30 नंबरों के इस प्रोजेक्ट पर विभाग के प्रोफेसरों के हस्ताक्षर होने थे। शुक्रवार को छात्रा प्रोजेक्ट की फाइल पर हस्ताक्षर कराने के लिए गई थी। मां के आरोप है कि प्रोफेसरों ने हस्ताक्षर करने से मना कर दिया। मां का आरोप है कि छात्रा के प्रोजेक्ट की फाइल भी फेंक दी गई। प्रोफेसर ने चप्पल फेंककर मारने की बात कही। जिससे छात्रा आहत हो गई। छात्रा की मां का दावा है कि आरोप है कि सारी बातें डीन को पता थी।

आमतौर पर बेटी दिन में तीन बार उन्हें और पांच बार अपने पिता के पास फोन करती थी। लेकिन शुक्रवार को उसने पिता को सिर्फ एक बार फोन किया। जब पांच बजे मां ने फोन किया तो पुत्री ने फोन नहीं उठाया। शाम को पता चला है कि उसने आत्महत्या कर ली। छात्रा 15 दिन पहले ही घर आई थी।

ज्योति के पिता हरियाणा स्थित भिवानी में निजी कंपनी में काम करते हैं। छात्रा की मृत्यु के बाद से परिवार में मातम छाया है। वहीं पुलिस की ओर से इस बात की जांच की जा रही है कि क्या छात्रा ने पहले किसी प्रोफेसर के हस्ताक्षर खुद से किए थे क्या।

**पांच थानों की पुलिस और डेढ़ प्लाटून पीएसी रहा तैनात :** छात्र के आत्महत्या की जानकारी मिलने के बाद विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले सैकड़ों छात्र शुक्रवार रात परिसर में एडमिन ब्लॉक के पास जुट गए। नाराज छात्रों ने हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस को छात्रों को समझाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं सुबह होने पर समाजवादी छात्र सभा के नेतृत्व में छात्र विश्वविद्यालय पर धरने पर बैठ गए।

छात्रा के पिता, मां, चाचा, चाची और अन्य लोग भी कार्रवाई की मांग को लेकर अन्य छात्रों के साथ धरने पर बैठ गए। देखते ही एनएसयूआई छात्र सभा से जुड़े लोग भी पहुंचे।

वहीं कांग्रेस और सपा के जिलाध्यक्ष भी पहुंच गए। इस दौरान छात्रों और परिजनों ने जमकर नारेबाजी की।

# कैलाश मानसरोवर यात्रा : घोड़े से गिरकर घायल हुईं पूर्व केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी




**धारचूला के नाभिढांग से उन्हें हेलीकॉप्टर से देहरादून पहुंचाने की योजना है**

**नई दिल्ली।** कैलाश मानसरोवर यात्रा के दूसरे दल में शामिल पूर्व केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी तिब्बत के दारचिन में घोड़े से गिरकर घायल हो गईं। उनकी कमर में गंभीर चोट आई है। उन्हें रेस्क्यू कर वापस भारत लाया जाएगा। धारचूला के नाभिढांग से उन्हें हेलीकॉप्टर से देहरादून पहुंचाने की योजना है इसकी तैयारी पिथौरागढ़ प्रशासन ने पूरी कर ली है। ऐसे में साफ है कि अब वह कैलाश मानसरोवर की यात्रा पूरी नहीं कर सकेंगी।

पूर्व केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी कैलाश मानसरोवर यात्रा के दूसरे दल में शामिल थी। सूत्रों के मुताबिक शनिवार यात्री तिब्बत के दारचिन में पहुंचे थे और मीनाक्षी लेखी घोड़े पर सवार थीं।

इसी बीच वह घोड़े से गिर गईं। जमीन पर गिरने से उनकी कमर में गंभीर चोट आ गई। उन्हें यात्रा मार्ग पर संचालित अस्पताल ले जाया गया जहां उनका एक्स-रे हुआ इसमें उनकी रीढ़ की हड्डी में चोट लगने की पुष्टि हुई। उनकी हालत को देखते हुए उन्हें वापस भारत लाने का निर्णय लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, उन्हें रेस्क्यू कर वापस लाया जा रहा है। रविवार यानि आज रेस्क्यू टीम उन्हें वाहन से लेकर लिपुलेख पहुंचेगी। यहां से उन्हें टीम को पैदल सफर कर स्टेचर या अन्य संसाधनों के जरिए नाभीढांग तक पहुंचाना होगा। यहां से उन्हें हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू कर देहरादून पहुंचाया जाएगा।

**मौसम पर टिकी निगाहें :** सीमांत जिले में इन दिनों भारी बारिश हो रही है। धारचूला के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में भी बारिश ने आफत फैलाई है। शनिवार को पूर्व केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी को नाभीढांग तक लाया जाएगा। यहां से उन्हें हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू करने की तैयारी है। ऐसे में अब सबकी निगाहें मौसम पर टिकी हैं। यदि मौसम खराब हुआ तो हेलीकॉप्टर का उड़ान भरकर नाभीढांग तक पहुंचाना मुश्किल होगा। मौसम ठीक रहा तो हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू कर पूर्व केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री को देहरादून पहुंचाने में प्रशासन को कोई दिक्कत नहीं होगी।

**यात्रा पूरी नहीं कर पाएंगी मीनाक्षी लेखी :** बीते दिनों पूर्व केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए उत्साह के साथ पिथौरागढ़ पहुंची थी।

उन्होंने कहा था कि कैलाश मानसरोवर यात्रा दल में शामिल होना उनके लिए सौभाग्य की बात है।

### यूपी के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत
# गैरजरूरी कागज नहीं मांगे जाएंगे, निर्देश जारी




**बिल सुधार कैम्प 21 एवं 22 जुलाई को भी लगेंगे**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन ने बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। कारपोरेशन के अध्यक्ष ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि अब किसी भी प्रकार की बिजली संबंधी सेवा शिकायत पर उपभोक्ताओं से अनावश्यक दस्तावेज नहीं मांगे जाएंगे। केवल चेन्ज ऑफ टाइटल (नामांतरण) प्रक्रिया को छोड़ अन्य सभी कार्य विभागीय रिकॉर्ड के आधार पर ही निपटाए जाएंगे।

**विभाग खुद अपने रिकॉर्ड्स से समाधान निकाले :** कारपोरेशन की समीक्षा बैठक में यह अहम निर्णय लिया गया, जिसमें मुख्य अभियंता, निदेशक एवं प्रबंध निदेशक समेत वरिष्ठ अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। सभी ने इस नीति को उपभोक्ता हित में जरूरी और समयानुकूल बताया। अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने बैठक में कहा कि उपभोक्ताओं को अक्सर बिजली कार्यालय में शिकायत लेकर जाने पर पुराने कागजों की मांग की जाती है, जो तत्काल उपलब्ध न होने की स्थिति में उन्हें बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं। यह व्यवस्था अब समाप्त की जाए। विभाग खुद अपने रिकॉर्ड्स से समाधान निकाले। अध्यक्ष ने यह भी कहा कि निगम की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि उपभोक्ता की समस्याएं कम से कम प्रयास में हल हों। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को 1912 उपभोक्ता सेवा नंबर पर आने वाली शिकायतों की नियमित मॉनीटरिंग के निर्देश दिए ताकि कोई मामला लंबित न रहे। बिजली उपभोक्ताओं की सुविधा हेतु गलत बिल को ठीक करने के लिये चल रहे मेगा कैम्प 21 एवं 22 जुलाई को भी लगेंगे।

कैम्पों की सुविधा शनिवार को खत्म हो रही थी लेकिन कैम्पों में उपभोक्ताओं की भागीदारी को देखते हुये कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष गोयल ने इसे सोमवार एवं मंगलवार (21 एवं 22 जुलाई) दो दिन और बढ़ाने का निर्णय लिया। कैम्पों में नये संयोजन, भार वृद्धि, खराब मीटर, बिल संशोधन, विधा परिवर्तन, बिल जमा करने एवं अन्य सम्बन्धित कार्यों की शिकायत भी प्राप्त कर उपभोक्ता की समस्याओं का निराकरण पूर्ववत किया जायेगा।

# जम्मू-श्रीनगर में भूस्खलन
## कश्मीर जाने वाला रास्ता बंद



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में समरौली के पास देवाल ब्रिज के नजदीक रविवार को एक भूस्खलन की घटना हुई, जिससे जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग की ऊपरी लेन (कश्मीर की ओर जाने वाला मार्ग) अवरुद्ध हो गया।

भूस्खलन के कारण यातायात प्रभावित हुआ है और प्रशासन द्वारा मलबा हटाने का कार्य जारी है। सड़क को जल्द से जल्द बहाल करने की कोशिश की जा रही है।

जम्मू-श्रीनगर हाईवे राज्य का एकमात्र प्रमुख संपर्क मार्ग है, जो जम्मू को कश्मीर घाटी से जोड़ता है। ऐसे में इस मार्ग पर भूस्खलन से न केवल यात्री परेशान हैं, बल्कि आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति पर भी असर पड़ सकता है।

**ऊधमपुर में पत्थर और मलबा गिरने से धार रोड डेढ़ घंटे रहा बंद :** उधमपुर में भी बीते दिन बारिश से पूरे जिले में सड़क यातायात प्रभावित हुआ है। धार रोड पर दुधर नाले के पास बुधवार को सुबह भूस्खलन होने से करीब डेढ़ घंटे वाहनों की आवाजाही ठप रही।

# मेरठ में सीएम योगी ने की कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा
## बोले- हुड़दंग मचाने वालों पर होगा सख्त एक्शन



**आज सावन माह का दूसरा सोमवार**

**मेरठ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को मेरठ पहुंचे और कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की। सीएम ने साफ कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान हुड़दंग मचाने वाले और तोड़फोड़ करने वालों का बख्शा नहीं जाएगा। सीसीटीवी के माध्यम से उन्हें चिह्नित कर कार्रवाई की जाएगी। कानून हाथ में लेने का किसी को हक नहीं है।

मोदीपुरम की शोभित यूनिवर्सिटी में सीएम का हेलीकॉप्टर उतरा। दुल्हेड़ा चौकी के पास लगे स्टेज से सीएम ने कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की। स्टेज पर राज्यसभा सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत वाजपई, राज्यमंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर, निवर्तमान दर्ज प्राप्त मंत्री पंडित सुनील भराला, कैंट विधायक अमित अग्रवाल समेत अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मेरठ आगमन पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। शोभित यूनिवर्सिटी में सीएम योगी के हेलीकॉप्टर के उतरने का कार्यक्रम था। शोभित विवि के बाहर पूर्व विधायक संगीत सोम को रोक दिया गया। संगीत सोम अपनी गाड़ी से अंदर जाने के लिए अड़ गए, लेकिन पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें अंदर नहीं जाने दिया। इस बीच संगीत सोम इधर उधर फोन घुमाते रहे। काफी देर खड़े होने के बाद वह अपनी गाड़ी से आगे चले गए।

### छांगुर की 'पापी दुनिया' होने लगी है बेनकाब!
## अवैध धर्मांतरण का सरगना बाबू राजेश को एटीएस ने दबोचा

**बलरामपुर।** अवैध धर्मांतरण के सरगना छांगुर उर्फ जमालुद्दीन के सहयोगी जनपद न्यायालय में सीजेएम कोर्ट में पेशकार रहे राजेश उपाध्याय को एटीएस ने गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को एटीएस गोपनीय तरीके से बलरामपुर पहुंची और छांगुर के करीबी न्यायालय के बाबू राजेश उपाध्याय की




जांच की। बताया जा रहा है कि राजेश छांगुर के इशारे पर कोर्ट में केस मैनेज करता था। यही नहीं छांगुर के विरोधियों को फंसाने के एफआईआर के आदेश कोर्ट से जारी करवाने में मदद करता था।

छांगुर ने राजेश उपाध्याय की पत्नी संगीता को महाराष्ट्र पुणे की प्रापर्टी में हिस्सेदारी दे रखी थी जिसमें संगीता को मुनाफा दिए जाने का खुलासा एटीएस की जांच में हुआ था। राजेश के बाद अभी और गिरफ्तारी होनी है। एटीएस की टीम बलरामपुर में सक्रिय है।

# कामयाबी : 65 साल की महिला के पेट से निकाला 10.6 किलो का ट्यूमर

**सफदरजंग अस्पताल में सर्जरी विभाग से डॉ. शिवानी बी. परुथी ने बताया कि टीम ने दिल्ली निवासी 65 साल की महिला के पेट से 10.6 किलोग्राम वजनी गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल स्ट्रोमल ट्यूमर (जीआईएसटी) को निकाला। इसके लिए एक अत्यंत जटिल शल्य प्रक्रिया को किया गया।**



**नई दिल्ली।** अस्पताल में डॉक्टरों ने सर्जरी कर 65 साल की महिला के पेट से 10.6 किलो का ट्यूमर निकाला है। इसके कारण महिला पिछले 8 माह से परेशान रही, ट्यूमर पेट के दूसरे अंगों को भी नुकसान पहुंचने लगा। ट्यूमर को पूरी तरह से हटाकर सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई, और डिस्चार्ज होने के बाद, मेडिकल ऑन्कोलॉजी टीम मरीज की निगरानी कर रही है।

सफदरजंग अस्पताल में सर्जरी विभाग से डॉ. शिवानी बी. परुथी ने बताया कि टीम ने दिल्ली निवासी 65 साल की महिला के पेट से 10.6 किलोग्राम वजनी गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल स्ट्रोमल ट्यूमर (जीआईएसटी) को निकाला। इसके लिए एक अत्यंत जटिल शल्य प्रक्रिया को किया गया। मरीज आठ महीने से इस बीमारी से पीड़ित थी। यह ट्यूमर मरीज के पेट के सभी भागों में फैल गया और बाहरी श्रोणि वाहिकाओं को भी नुकसान पहुंचने लगा। इससे दाहिने हाइड्रोनेफ्रोसिस हो रहा था।

उन्होंने कहा कि अस्पताल के निदेशक डॉ. संदीप बंसल, डॉ. चारु भाम्बा एमएस, विभागाध्यक्ष डॉ. कविता और विभागाध्यक्ष सर्जरी डॉ. आर.के. चेजारा के नेतृत्व में टीम बनाई गई। जिसमें डॉ. डी.के. चेजारा, डॉ. सपना भाटिया और डॉ. विष्णु सहित एनेस्थीसिया टीम का सहयोग रहा।

ट्यूमर के विशाल आकार और पेट के कई अंगों, ओमेंटम और ब्लैडर डोम से जुड़े होने के कारण इस प्रक्रिया में सर्जिकल विशेषज्ञता की आवश्यकता थी, जिससे सर्जरी के दौरान इसे वापस खींचना और संभालना बेहद मुश्किल हो गया था।

वीएमएमसी और सफदरजंग अस्पताल के निदेशक डॉ. संदीप बंसल ने कहा कि यह सर्जिकल उपलब्धि अस्पताल में सहयोगात्मक चिकित्सा उत्कृष्टता के शिखर का प्रतिनिधित्व करती है। इस विशाल 10.6 किलोग्राम के जीआईएसटी ट्यूमर को सफलतापूर्वक हटाना, जिसमें कई अंग प्रणालियां व्यापक रूप से शामिल थीं, रोगी देखभाल और सर्जिकल नवाचार के लिए हमारी टीम की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। ऐसे जटिल मामलों में न केवल उन्नत सर्जिकल कौशल की आवश्यकता होती है, बल्कि विभागों के बीच समन्वय की भी आवश्यकता होती है।

**NAME CHANGED**

1, RENU SHARMA W/O MR. AMIT SHARMA R/O B-67, GREATER NOIDA, SAINI DHOOMEDSO, DISTT. G.B. NAGAR, up, That my name in my Son's Vaibhav Kaushik school is Renu Kaushik which is wrong. My name on my Aadhaar card is Renu Sharma which is correct. That Renu Kaushik and Renu Sharma is the same and one person.

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# 25 जुलाई के आश्वासन पर पार्षदों ने किया अनिश्चितकालीन धरना समाप्त

## मिनट्स के साथ दो मांगें हुई पूरी

**- किसी नाराजकर्मी ने रात को बंद की थी निगम में पार्षदों की लाइट**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** आखिरकार नगर निगम में बोर्ड बैठक के मिनट्स की मांग को लेकर बीते दो दिनों से चल रहा निगम पार्षदों का धरना रविवार की सुबह समाप्त हो गया। रविवार को नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक नगर निगम मुख्यालय पहुंचे और बैठे हुए पार्षदों के साथ चाय नाश्ता कर वार्ता की। जिसके बाद आपसी सहमति से हल निकालने का निर्णय लिया गया और वर्तमान में चल रही कांवड़ यात्रा पर फोकस करने की बात पर सहमति बनी। साथ ही नगर निगम के धरनारत पार्षदों को आश्वासन दिया गया कि जो उनकी मांग हैं, उस पर जल्द ही फैसला लिया जाएगा। फिलहाल 25 जुलाई तक का समय अधिकारियों द्वारा लिया गया है। पार्षदों से बातचीत होने के बाद नगर आयुक्त के कार्यालय में सभी पार्षद पहुंचे, जहां चर्चा की गई और पार्षदों को अपर नगर आयुक्त सदन सचिव जंग बहादुर यादव और मुख्य कर निर्धारण अधिकारी सदन से सचिव द्वारा लिखित में आश्वासन दिया गया है कि 25 जुलाई को सुबह 10 बजे तक महापौर को उपलब्ध करा दिया जाएगा। साथ ही संपत्ति के जारी हो रहे ऑनलाइन बिलों पर भी अग्रिम आदेशों तक रोक लगा दी जाएगी। इसके अलावा प्राप्त होने वाली 20% छूट 30 सितंबर तक बढ़ाई जाएगी। इसका प्रस्ताव सदन में अनुमोदन हेतु रखा जाने का निर्णय लिया गया है।

### क्या अब मेयर के पाले में गेंद गई

करंट क्राइम : रविवार को नगर आयुक्त की बातचीत और आश्वासन के बाद पार्षदों ने अपना अनिश्चितकालीन अनशन समाप्त कर दिया है। पार्षद गौरव सोलंकी, हिंमाशु शर्मा व नीरज गोयल द्वारा बताया गया है विस्तार से चर्चा की जिस पर सहमति बन गई है। जनहित में निर्णय लिया गया है, साथ ही कांवड़ यात्रा को भी ध्यान में रखा गया है। उधर सूत्र बता रहे हैं कि अब लैटर के मैटर को लेकर गेंद मेयर के पाले में आ गई है। जो लैटर दिया गया था उसमें नगर आयुक्त के साइन नहीं होने की बात की जा रही है। हालांकि नगर निगम के गलियारों में चर्चा है कि 25 जुलाई तक सब कुछ पार्षदों की सहमति अनुसार करवाया जाएगा।

### पूर्व से लेकर वर्तमान पार्षदों की मेहनत का दिखा असर

करंट क्राइम : बीते दो दिनों से नगर निगम के सदन में पार्षदों ने दो रात अनिश्चितकालीन धरना देकर गुजारी, शनिवार की रात जहां बिजली काटकर कर्मियों द्वारा पार्षदों को परेशान भी किया गया। तो वहीं इस पूरे आंदोलन में पार्षद नीरज गोयल, हिमांशु शर्मा, गौरव सोलंकी, कुसुम गोयल, राजकुमार भाटी, पूनम सिंह, पवित्रा देवी ,प्रतिभा शर्मा, रुखसाना सैफी, देवनारायण शर्मा, प्रवीण कुमार मुलायम, कन्हैया लाल मुन्नी देवी, शशि पवन गौतम, संतोष राणा, ओमप्रकाश वीर सिंह, जगत सिंह, डा. अनिल तोमर, सुधीर कुमार, पवन कुमार गौतम, नरेश भाटी और भूपेंद्र उपाध्याय का महत्वपूर्ण योगदान रहा। तो पूर्व पार्षद जाकिर सैफी, मनोज चौधरी, हिमांशु मित्तल, राजेंद्र त्यागी व प्रदीप चौहान से लेकर अन्य भी चेहरे हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी वापस लिए जाने के बोर्ड बैठक वाले मिनट्स की मांग को लेकर आगे आए। साथ ही व्यापारिक संगठनों और अन्य संस्थाओं ने भी इसमें रुचि ली।

### किसी नाराज कर्मचारियों ने काटी थी निगम में पार्षदों की लाइट



करंट क्राइम : रविवार को जब नगर आयुक्त और अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे पार्षदों की पहले निगम सभागार के बाहर बात हुई और फिर नगर आयुक्त के कार्यालय में चर्चा और आंदोलन खत्म करने पर सहमति बनी है। जिसके बाद यह बात निकाल कर आई थी कि जब पार्षद धरने पर बैठे थे, तो उनसे कोई कर्मचारी नाराज हो गया था और इस कर्मचारी ने नाराजगी के चलते रात के समय नगर निगम पार्षदों की बिजली को बंद करने का काम किया था, ऐसी जानकारी पार्षदों के द्वारा प्रदान की गई है। यहां पर बता दें की शुक्रवार 18 जुलाई से नगर निगम में बड़ी संख्या में पार्षद मिनट्स की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए थे। उन्होंने इस पूरे मामले में महापौर से भी गुहार लगाई थी। तो नगर आयुक्त से भी वार्ता का प्रयास किया लेकिन 25 जुलाई को मिनिट्स मिलने का आश्वासन रविवार को मिला, जिसके बाद पार्षद धरने से उठ गए हैं।

# फिर दोहराया कैबिनेट मंत्री ने अपने शब्दों का पंच

## सुनील शर्मा ने कहा- सांसद अतुल गर्ग ही हैं हम जनप्रतिनिधियों के सरपंच





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम के मुद्दे पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने ये कहा था कि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग हमारे सरपंच हैं और जो उनका निर्देश होगा उसका पालन होगा। ये वक्तव्य उन्होंने नगर निगम में धरने पर बैठे पार्षदों और मिनट्स की उनकी मांग को लेकर दिया था।

इसी बीच ये सुगबुगाहट रही कि सब अपने-अपने क्षेत्र के पंच रहेंगे। लेकिन रविवार को कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने करंट क्राइम से बातचीत में एक बार फिर स्पष्ट कर दिया कि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ही हमारे सरपंच रहेंगे। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि स्थानीय मुद्दों पर जब भी कोई फैसला लेना होगा तो हम स्थानीय विधायकों के सरपंच लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ही रहेंगे। लोकल मुद्दों पर क्या स्टेंड लेना है ये हमारे सरपंच लोकसभा सांसद अतुल गर्ग तय करेंगे। लोकल मुद्दों पर हम सभी विधायक उनके साथ हैं।

# एक एमएलसी ने ली है नगर निगम ना जाने की शपथ!






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद भगवा गढ़ में तब्दील हो चुका है और यहां मोहल्लों की पार्षदी से लेकर देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा में जनादेश भाजपा को मिला है। यहां लोकसभा सांसद भाजपा के हैं, नगर निगम की मेयर भाजपा से हैं, दो एमएलसी भाजपा के हैं और पांच विधायक भाजपा के हैं। जनप्रतिनिधि हैं तो हर जगह जाने के लिये स्वतंत्र हैं। सरकारी बैठकों में जनप्रतिनिधि एक साथ नजर आते हैं, दिशा की बैठक से लेकर डाक बंगले वाली बैठक में जनप्रतिनिधि साथ होंते हैं। हाल ही में जब हाउस टैक्स को लेकर विशेष बैठक हुई तो सांसद, विधायक भी नगर निगम के सदन में पदेन सदस्य होने के नाते पहुंचे। बताया जाता है कि नगर निगम के सदन में सीन सरकार में तकरार वाला बिटवीन द भाजपा है। एक विधान परिषद सदस्य यानी एमएलसी ने नगर निगम ना जाने की शपथ ले ली है। वो नगर निगम की हर मीटिंग से परहेज करते हैं और किसी भी मीटिंग में ना जाने की शपथ ले रखी है। सुना है कि एमएलसी के इस फासले वाले फैसले से सांसद और विधायक भी अवगत हैं। सूत्र बताते हैं कि एमएलसी ने नगर निगम ना जाने के कारणों से एक विधायक को अवगत भी कराया है। विधायक जी के माध्यम से बात सांसद और अन्य विधायकों तक भी पहुंची है।

एमएलसी सौम्य हैं और वो अगर नगर निगम से दूरी बना रहे हैं तो फिर कारण जानना भी जरूरी हो जाता है। सूत्र बताते हैं कि नगर निगम से दूरी का कारण कोई और नहीं बल्कि नगर निगम के एक खास चेहरे हैं। नगर निगम की इस चेहरे की वजह से भाजपा सरकार के एमएलसी ने नगर निगम से दूरी बनाई है। एमएलसी की दूरी की मजबूरी ये है कि वो नगर निगम के इस चेहरे के व्यवहार से खुश नहीं हैं।

बताया जाता है कि एमएलसी ने पहली बार तो उनके व्यवहार को इग्नोर कर दिया, लेकिन जब हर बार निगम के इस चेहरे का व्यवहार एमएलसी के लिये ठीक नहीं रहा तो फिर एमएलसी को ये महसूस हुआ कि खुद ही दूरी बना लेना ठीक रहेगा और नगर निगम के इस चेहरे की वजह से भाजपा के एमएलसी ने एक नहीं दो नहीं बल्कि तीन बार फील करने के बाद खुद ही दूरी बना ली है।

### किस रामलीला के पदाधिकारी ने रख दी थियेटर वाले के समक्ष डर्टी डिमांड

# फिर संयोजक को लेकर हुई हॉट टॉक और दूसरे पदाधिकारी ने ले लिया इस बात पर रिमांड



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समय बदल रहा है और समय के साथ बहुत कुछ बदल रहा है। अब आस्थाएं बदल रही हैं और उसके साथ कई चीजें बदली हैं। कभी जहां परंपरागत रामलीला होती थी वहां अब थियेटर मंडली आ गई है। प्राचीन रामलीला के कलाकार पूरे रामलीला महोत्सव के दौरान अपने किरदार को जीते थे और वो अपने रहने की अलग व्यवस्था करते थे और भोजन बेहद सात्विक होता था। चौपाइयों के उच्चारण पर ध्यान होता था, अब मामला डिजीटल हो गया है और रावण भी थियेटर से है और सीता भी थियेटर से है। पहले जिन कलाकारों को भगवान मानकर उनके पांव छूते थे अब आधुनिक समय में कोई सीता मां को पान खिला रहा है तो कहीं सीता मां बाजारों में रथ पर बैठी हाथ हिला रही है। किस्सा एक अतिप्रतिष्ठित रामलीला का है और बंद कमरे में हुई बैठक से ये किस्सा बाहर आ गया है। किस्से को जिसने भी सुना वो दंग रह गया और उसने अपनी टंग दांतों तले दबा ली। दरअसल कमेटी वाले सात लोग एक बंद कमरे में इकट्ठे हुए थे और यहां पता चला कि कमेटी के एक पदाधिकारी ने मंचन करने वाले थियेटर डायरेक्टर से कुछ ह्यडर्टी डिमांडह्न कर दी। थियेटर वाला उस समय तो कुछ नहीं बोला, लेकिन उसने ये बात कमेटी के दूसरे पदाधिकारी को बता दी। सुना है कि वो भी हैरान रह गए और जब बंद कमरे में बैठक हुई तो इस बात को लेकर तूफान आ गया। हर कोई हैरान था कि भला रामलीला के पदाधिकारी ऐसी ह्यडर्टी डिमांडह्न कैसे कर सकते हैं। बंद कमरे के सूत्र बता रहे हैं कि दोनों के बीच इस बात को लेकर हॉट-टॉक हुई और शब्दों ही शब्दों में रिमांड भी लिया गया। हालांकि ह्यडर्टी डिमांडह्न का असली मेटर क्या है ये अभी बाहर आना बाकी है क्योंकि कहने वाले यही कह रहे हैं कि जब तक रामलीला के उस पदाधिकारी और थियेटर मैन का आमना-सामना नहीं होगा तब तक सच बाहर नहीं आएगा। क्योंकि कई बार बात का रूप कुछ और होता और स्वरूप कुछ और बन जाता है। क्योंकि जिन पदाधिकारी की बात हो रही है वो कई सामाजिक और व्यापारिक संस्थाओं से जुड़े हैं। लिहाजा अभी पूरा सच सामने आएगा, लेकिन कमेटी के भीतर ये आवाज भी गूंज रही है कि कुछ तो आग है ये धुआं ऐसे ही तो नहीं उठा है।

### कौन चाहता था आयरन वाले गुप्ता जी को मुख्य संयोजक बनाना

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बंद कमरे की बैठक में सात लोग थे औरबातें बाहर आ रही हैं तो पता चला कि इलेक्शन हारने वाले आयरन गुप्ता जी को मुख्य संयोजक बनाने की भूमिका तैयार हुई। उनका नाम एक पदाधिकारी ने रखा तो दूसरे वाले गुप्ताजी का नाम प्रधान जी ने रखा। यहां नाम आते ही ये बात उठी कि ऐसे कोई नहीं बनेगा और सर्वसम्मति ली जाएगी। इसी बीच पर्ची से वोटिंग का फैसला हो गया। बताया जाता है कि चार वोट प्रधान जी वाले नाम के साथ थे और दो वोट खजांची वाले नाम के साथ थे और एक वोट दोनों बोट में पांव रखकर चल रहा था। इसके बाद यहां एक्स खजांची ने बताया कि छह साल से यह पद समाप्त चल रहा है और फिर उसके बाद ये पूरा प्रस्ताव ही बैक टू फाइल हो गया। वोटिंग वाली बात ने बैक गियर डाल लिया और आयरन वाले गुप्ता जी के पैरोकारों ने फिर ये कह दिया कि चलो मुख्य संयोजक बनाओ ही मत।

### 'मिनट्स वाला मामला न हो जाए इधर से उधर'

# पार्षदों को सता रहा है दो अधिकारियों के छुट्टी पर जाने का डर

**बताया जाता है कि एक अधिकारी अपने पारिवारिक काम से अवकाश लेकर बाहर जा रहे हैं और दूसरे अधिकारी सरकारी काम से ट्रेनिंग लेने के लिये विदेश जा रहे हैं। पार्षदों की चिंता ये है कि मिनट्स पर हस्ताक्षर ही इन दोनों अधिकारियों के होने हैं और उनके साइन के बाद ही मामला फाइन होगा।**




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम में इन दिनों सरकार वाले ही धरने पर बैठने के बाद उठ गए। सरकार वालों ने ही बैठक में प्रस्ताव को निरस्त कराया और अब सरकार वालों को ही बैठक के मिनट्स नहीं मिल रहे हैं। सरकार के पार्षदों ने पहले हाउस टैक्स बढ़ाए जाने के विरोध में लड़ाई लड़ी। उसके बाद उन्होंने नगर निगम में हाउस टैक्स को लेकर बोर्ड बैठक बुलाई और इस बोर्ड बैठक में बढ़ी हुई दरों का हाउस टैक्स प्रस्ताव लाकर निरस्त किया गया। प्रस्ताव निरस्त हुआ तो किसी ने भाजपा महानगर अध्यक्ष की जिंदाबाद के नारे लगाए, किसी ने विधायक जी के नारे लगाए, किसी ने इसे पार्षदों की जीत बताया, लेकिन जीत वाला सीन ज्यादा दिन नहीं चला और पार्षदों को अब दूसरी लड़ाई बैठक के मिनट्स को लेकर लड़नी पड़ रही है। पार्षदों ने मिनट-मिनट पर अधिकारियों को मिनट्स की याद दिलाई। फिलहाल मिनट्स तो नहीं आश्वासन वाला लैटर मिला है।

आश्वासन के बीच ये चर्चा चली कि मिनट्स तो फाइनल हो चुके हैं लेकिन अधिकारी के हस्ताक्षर होने बाकी है। हस्ताक्षर में एक बड़ा पेंच कोर्ट की तारीख का बताया जाता है। बहरहाल इन सबके बीच पार्षद जब धरने पर बैठे तो पहले दिन नगर आयुक्त उनके बीच पहुंचे और दूसरे दिन भी धरना चल रहा था और नगर आयुक्त ने चलते-चलते पार्षदों से अभिवादन का संवाद कायम किया। वहीं नगर निगम के सदन की मुखिया मेयर ने धरने पर बैठे पार्षदों की सुध नहीं ली, ये पार्षदों की पीड़ा है। आश्वासन के बाद धरना समाप्त करने वाले पार्षदों की चिंता फिलहाल बढ़ गई है और ये टेंशन इस बात की है कि नगर निगम के दो अधिकारी अवकाश पर यानी लीव पर बाहर जा रहे हैं और उन्होंने पूरा मामला नगर निगम पर ही लीव कर दिया है।

बताया जाता है कि एक अधिकारी अपने पारिवारिक काम से अवकाश लेकर बाहर जा रहे हैं और दूसरे अधिकारी सरकारी काम से ट्रेनिंग लेने के लिये विदेश जा रहे हैं। पार्षदों की चिंता ये है कि मिनट्स पर हस्ताक्षर ही इन दोनों अधिकारियों के होने हैं और उनके साइन के बाद ही मामला फाइनल होगा। जब ये अधिकारी मिनट्स बुक वाली फाइल पर साइन कर देंगे तब ये फाइल फाइनल होकर मेयर के पास आएगी। बताया जाता है कि अगर समय से साइन नहीं हुए तो मामला फाइन नहीं होगा और ये भी हो सकता है कि मिनट्स वाली फाइल अभी घंटों से हफ्ते और हफ्ते से पखवाड़े तक लेट हुई है और ये अधिकारी बिना साइन किये लीव पर चले गए तो मामला महीनों का आ जाएगा। बहरहाल 25 जुलाई वाला आश्वासन कुछ पार्षदों को हजम नहीं हो रहा है।

# महिला आईपीएस अधिकारी से लेकर एसीपी, इंस्पेक्टर और सब-इंस्पेक्टर रात दिन कर रही हैं कांवड़ मार्गों पर ड्यूटी

**- कांवड़ मार्ग पर चार प्रमुख सर्किल में तैनात हैं महिला पुलिस अधिकारी**

**- कांवड़ यात्रा नोडल से लेकर कंट्रोल रूम तक मिली है महिला शक्ति को कमान**



**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कांवड़ यात्रा को सुरक्षित एवं महत्वपूर्ण ढंग से संचालित करने में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की महिला अधिकारियों व महिला

शक्ति का भी महत्वपूर्ण योगदान है। वह पुरुष अधिकारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपनी ड्यूटी देने का काम कर रहीं हैं। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में जहां कांवड़ यात्रा की नोडल प्रभारी ही महिला अफसर एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव को बनाया गया है। तो मेरठ रोड स्थित कांवड़ मुख्य कंट्रोल रूम की जिम्मेदारी एसीपी सलोनी अग्रवाल के जिम्मे है। वहीं थाना लिंक रोड में प्रीति सिंह थानाध्यक्ष के रूप में कांवड़ यात्रियों का इंतजाम देखती हैं। तो क्रॉसिंग रिपब्लिक थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर प्रभारी प्रीति गर्ग भी इसी जिम्मेदारी को निभा रही हैं। आईपीएस अधिकारी और एसीपी मसूरी लिपि नगायच जहां छोटा हरिद्वार के नाम से जाने जाने वाले गंग नहर और नहर मार्ग कांवड़ पटरी पर लगातार निरीक्षण करके कांवड़ यात्रा को सफल एवं सुगम बनाने का काम कर रही हैं।

### कहीं संभाली सुरक्षा तो कहीं दिए निर्देश







वहीं एसीपी वेव सिटी अपने इलाके से लेकर मोदी नगर तक के क्षेत्र में पैदल गश्त से लेकर अन्य कांवड़ ड्यूटी में नजर आ रही हैं। इसके साथ ही थाना नंदग्राम और सिहानी गेट के अंतर्गत आने वाले मेरठ रोड और राज नगर एक्सटेंशन जैसे प्रमुख व भीड़भाड़ वाले इलाके की एसीपी पूनम मिश्रा हैं।





वह लगातार दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर पर सुरक्षा से लेकर अन्य व्यवस्थाओं में नजर आती हैं। तो डीसीपी के साथ भी वह कमद से कदम मिलाकर कांवड़ यात्रा को सफल बनाने में जुटी हुई हैं। तो कमिश्नरेट वाले सिस्टम में एसीपी उपासना पांडेय भी अपनी ड्यूटी दें रही हैं। तो इसाके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना बतौर आईपीएस अधिकारी व मुख्यालय प्रभारी होने के नाते समय-समय पर पुलिस कर्मियों को निर्देश देती रहती हैं।







### महिला एसओ से लेकर एचटीयू प्रभारी ने संभाली कमान

करंट क्राइम : वहीं महिला थानाध्यक्ष की कमान इन दिनों रितु त्यागी पर है। वह प्रत्येक सोमवार और सावन मास के शिवरात्रि के लिए सुरक्षा इंतजामों में ड्यूटी देने का काम कर रही हैं। तो वहीं बीते कई सालों से दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर में ड्यूटी देने वाली सब इंस्पेक्टर और वर्तमान में एचटीयू की प्रभारी तरुणा सिंह भी शिव भक्तों को जलाभिषेक के साथ सुरक्षा, भीड़ नियंत्रित एवं अन्य व्यवस्था बनाने का काम करती हैं। इसके साथ ही पाइपलाइन चौकी प्रभारी संदीपा मलिक भी दिल्ली को जाने वाले कांवड़ियों के इंतजाम में जुटी रहती हैं। तो उपनिरीक्षक सोनिका सिंह भी मंदिर की सुरक्षा में लगाई गई हैं।

## संपादकीय

# बरसात में सर्पदंश


बरसात के मौसम में जलभराव और उमस भरी गर्मी की वजह से सांप अपने बिल से बाहर निकलकर सुरक्षित ठिकाने ढूंढ़ने लगते हैं और इस कारण सर्पदंश की घटनाएं भी बढ़ जाती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, दुनिया भर में हर साल लगभग पैंतालीस से चौवन लाख लोग सर्पदंश का शिकार होते हैं, जिनमें से करीब एक लाख अड़तीस हजार लोगों की मौत हो जाती है। सर्पदंश के अधिकांश मामले अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका में सामने आते हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में सालाना तीस से चालीस लाख सर्पदंश की घटनाएं होती हैं, जिनमें से करीब पचास हजार लोगों की मौत हो जाती है। विशेषज्ञों के मुताबिक, भारत में पाए जाने वाले सत्तर फीसद सांप या तो जहरीले नहीं होते हैं, या फिर उनका विष मनुष्य के शरीर को गंभीर नुकसान नहीं पहुंचाता है।

इसके बावजूद विश्व स्वास्थ्य संगठन का दावा है कि सर्पदंश से वैश्विक स्तर पर हर वर्ष होने वाली मौतों में से करीब चालीस फीसद भारत में होती हैं। जाहिर है कि भारत में सामाजिक और सरकारी स्तर पर जागरूकता का अभाव और व्यवस्थागत खामियां व्याप्त हैं। खासकर ग्रामीण इलाकों में आज भी सर्पदंश से पीड़ित को तत्काल अस्पताल ले जाने के बजाय झाड़-फूंक के लिए ओझा के पास ले जाने की घटनाएं आम हैं। बाद में जब पीड़ित को अस्पताल ले जाया जाता है, तब तक इलाज में देरी हो जाती है। यह भी देखा गया है कि सर्पदंश के बाद पीड़ित व्यक्ति बहुत ज्यादा घबरा जाता है और कई बार हृदयाघात से उसकी मौत हो जाती है। यों आस्ट्रेलिया के सिडनी विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने सर्पदंश के इलाज के लिए एक नई कारगर दवा बनाने का दावा कर दुनिया में एक नई उम्मीद जगाई है।

शोधकर्ताओं का कहना है कि यह दवा न केवल मनुष्य के शरीर में सांप के जहर के फैलने की गति को धीमा कर सकती है, बल्कि यह ऊतक एवं कोशिका के क्षय को रोकने में भी सक्षम है। मगर अपने देश के सरकारी अस्पतालों में सर्प विष-रोधी दवा की कमी से संबंधित खबरें अक्सर आती रहती हैं। ऐसी स्थिति में मरीज को समय पर दवा नहीं मिलने से उसकी मौत स्वाभाविक है। सरकार को इस ओर भी ध्यान देने की जरूरत है ।का खतरा

## एक समान रेट पर मिलेगी पाइपलाइन से रसोई गैस

# पीएनजीआरबी का कंपनियों को निर्देश



**नइ दिल्ली।** पाइप से रसोई गैस (पीएनजी) इस्तेमाल करने वालों उपभोक्ताओं के लिए राहतभरी खबर है। पीएनजीआरबी ने सख्त निर्देश जारी करते हुए सभी सिटी गैस कंपनियों को कहा है कि वे घरेलू उपभोक्ताओं से एक समान रेट पर गैस शुल्क लें, चाहे उनकी खपत कितनी भी हो। गैस पाइप का उपयोग करने वाले घरेलू उपभोक्ता के लिए राहत की खबर है। कारण है कि पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने सभी सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे पाइप से मिलने वाली घरेलू रसोई गैस (पीएनजी) की कीमत हर उपभोक्ता के लिए एक समान रखें, चाहे वह कितना भी गैस इस्तेमाल करे।

बता दें कि सरकार शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को बाजार मूल्य से कम कीमत पर पीएनजी आवंटित करती है, ताकि वे इसे घरों में पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) के रूप में बेच सकें। इसकी कीमत बाजार से कम होती है। यह सब्सिडी वाली गैस खास तौर पर घरेलू इस्तेमाल के लिए होती है ताकि आम लोगों को सस्ती दर पर रसोई गैस मिल सके। लेकिन जांच में पीएनजीआरबी ने पाया कि कुछ कंपनियां घरेलू उपभोक्ताओं पर टेलिस्कोपिक प्राइसिंग लागू कर रही हैं। इसके मतलब है कि एक तय सीमा के बाद अगर गैस की खपत बढ़ती है, तो प्रति यूनिट रेट भी बढ़ा दिया जाता है।

हालांकि मामले में रेगुलेटर का कहना है कि यह तरीका गलत है, क्योंकि इससे कुछ कॉमर्शियल उपभोक्ता (जैसे होटल) खुद को घरेलू उपभोक्ता बताकर सस्ती गैस का फायदा उठा सकते हैं। इसके लिए असली घरेलू उपभोक्ताओं को ज्यादा इस्तेमाल करने पर अनावश्यक रूप से ज्यादा बिल देना पड़ रहा है, जबकि कंपनियों को गैस एक ही रेट पर मिल रही है।

### घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एक दर पर जोर

पीएनजीआरबी ने कहा कि हर घरेलू उपभोक्ता को गैस एक ही रेट पर दी जाए, चाहे वह कितनी भी गैस क्यों न इस्तेमाल करे। साथ ही सीजीडी कंपनियां खपत के पैटर्न की जांच करें और जिन उपभोक्ताओं की खपत असामान्य रूप से ज्यादा है, उनकी जांच कर उचित कार्रवाई करें। इससे गड़बड़ी और सब्सिडी के गलत इस्तेमाल को रोका जा सकेगा।

### एलपीजी में भी होता है ऐसा अंतर

गौरतलब है कि जैसे पीएनजी में घरेलू और कॉमर्शियल गैस के रेट अलग हैं, वैसे ही एलपीजी सिलेंडर में भी ऐसा होता है। आम लोग 14.2 किलो का घरेलू सिलेंडर सब्सिडी पर खरीदते हैं। होटल और रेस्टोरेंट जैसे कॉमर्शियल स्थानों के लिए 19 किलो का बाजार रेट वाला सिलेंडर होता है। लेकिन अक्सर इनका गलत इस्तेमाल भी होता है।

## ईयू के प्रतिबंध से वैश्विक आपूर्ति-खरीद में अड़चन नहीं

# फैसले के समर्थन में दूत ने दी दलील



**नई दिल्ली।** ईयू दूत हर्वे डेल्फिन ने कहा, 18वें प्रतिबंध पैकेज में रूसी तेल की मूल्य सीमा 60 डॉलर प्रति बैरल से घटाकर 47.6 डॉलर प्रति बैरल की गई है, जिसक उद्देश्य यूक्रेन में रूस के सैन्य प्रयासों को बढ़ावा देने वाले राजस्व को और कम करना है। भारत में यूरोपीय संघ (ईयू) प्रतिनिधिमंडल के राजदूत हर्वे डेल्फिन ने शनिवार को कहा कि रूसी तेल, ऊर्जा, बैंकिंग और रक्षा उद्योगों पर लगाए गए प्रतिबंधों का उद्देश्य वैश्विक तेल बाजार की स्थिरता बनाए रखते हुए मॉस्को की युद्ध अर्थव्यवस्था को कमजोर करना है। डेल्फिन ने एक्स पर रूस के विरुद्ध ईयू प्रतिबंध नीति में भारत स्थित रिफाइनरी को निशाना बनाने का जिक्र करते हुए जोर 'दिया कि यह नीति देशों को रूसी तेल खरीदने से नहीं रोकती है। भारत स्थित यह रिफाइनरी रूसी रिफाइनिंग उद्योग की अग्रणी कंपनी रोजनेफ्ट के अधीन है। ईयू दूत ने कहा, 18वें प्रतिबंध पैकेज में रूसी तेल की मूल्य सीमा 60 डॉलर प्रति बैरल से घटाकर 47.6 डॉलर प्रति बैरल की गई है, जिसक उद्देश्य यूक्रेन में रूस के सैन्य प्रयासों को बढ़ावा देने वाले राजस्व को और कम करना है।

### राजस्व में और कमी आएगी

डेल्फिन ने कहा, हम नहीं चाहते कि वैश्विक तेल बाजार की आपूर्ति बाधित हो। रूसी युद्ध-अर्थव्यवस्था को पोषित/संचालित होने वाले राजस्व की मात्रा को कंम करना का एक उपाय है। डेल्फिन ने कहा कि इससे रूस को तेल निर्यात बिक्री से मिलने वाले राजस्व में और भी कमी आएगी।

### भारत एकतरफा प्रतिबंध का नहीं करता समर्थन

प्रतिबंधों पर ईयू के दूतों का स्पष्टीकरण भारत द्वारा इस निर्णय पर दी गई प्रतिक्रिया के बाद आया है, जिसमें नई दिल्ली ने कहा था कि वह किसी भी एकतरफा प्रतिबंध का समर्थन नहीं करता है।

## 15851 करोड़ रुपये की फर्जी आईटीसी धोखाधड़ी का खुलासा, पकड़ी गई 3558 फर्जी कंपनियां

**नई दिल्ली।** इस तिमाही में केंद्रीय और राज्य जीएसटी अधिकारियों ने कुल 3,558 फर्जी कंपनियों का पता लगाया, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में यह संख्या 3,840 थी। अधिकारियों ने बताया कि हर महीने औसतन 1,200 फर्जी कंपनियों का भंडाफोड़ किया गया। माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिकारियों ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के दौरान 15,851 करोड़ रुपये की फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) धोखाधड़ी का भंडाफोड़ किया है। यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 29 फीसदी अधिक है। हालांकि, इस अवधि में फर्जी कंपनियों की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, इस तिमाही में केंद्रीय और राज्य जीएसटी अधिकारियों ने कुल 3,558 फर्जी कंपनियों का पता लगाया, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में यह संख्या 3,840 थी। अधिकारियों ने बताया कि हर महीने औसतन 1,200 फर्जी कंपनियों का भंडाफोड़ किया गया।




## 'परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी क्षेत्र की चिंताओं को करेंगे दूर', केंद्रीय मंत्री का बयान



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत में लगभग 76 हजार स्टार्ट-अप महिलाओं के नेतृत्व में हैं। इनमें से बड़ी संख्या टियर-2 और टियर-3 शहरों से हैं। मंत्री ने कहा, 2047 तक भारत के विकसित राष्ट्र बनने का मार्ग सशक्त महिलाओं और युवाओं द्वारा तय किया जाएगा। जैसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला नेतृत्व विकास के प्रतिमान के तहत परिकल्पित किया है। केंद्रीय मंत्री, विकसित बिहारः महिला भागीदारी के माध्यम से विकसित बिहार की परिकल्पना शीर्षक से आयोजित सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। यह सम्मेलन बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग द्वारा भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए), नई दिल्ली के सहयोग से संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था। इसके सह अध्यक्ष सिंह हैं। जितेंद्र ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार ने अपने शासन ढांचे को चार स्तंभों- गरीब, किसान, युवा और महिलाओं पर केंद्रित किया है। इनमें महिलाओं को लगातार शीर्ष पर रखा गया है। कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय ने बताया कि मंत्री ने महिलाओं के लिए सुलभ शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से जीविका ई-लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम एप लॉन्च किया और सशक्त महिला, समृद्ध बिहार नामक प्रकाशन का अनावरण किया, जो बिहार की प्रगति में महिलाओं के योगदान का जश्न मनाता है।

अप्रैल-जून तिमाही में देश के वाहन निर्यात में 22% की जोरदार बढ़ोतरी देश के कुल वाहन निर्यात में चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के दौरान 22 प्रतिशत की मजबूत बढ़ोतरी दर्ज की गई है। वाहन उद्योग के संगठन सियाम के मुताबिक, यह वृद्धि यात्री वाहनों के ऐतिहासिक निर्यात स्तर और दोपहिया एवं वाणिज्यिक वाहनों के बेहतर प्रदर्शन की वजह से संभव हुई है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय ने 27 ब्रिटिश पीएम शिक्षित किए हैं।
- आठ प्रतिशत लोगों में एक अतिरिक्त पसली होती है।
- मिक्की माउस का इटली में नाम टोपोलिनो है।
- एक केकड़े का खून रंगहीन होता है। ऑक्सीजन के बाद नीला हो जाता है।
- साल 1950 तक, संसद में ऑक्सफोर्ड के भूतपूर्व छात्र के लिए हमेशा दो सीटों की गारंटी थी।
- दुनिया का सबसे पुराना उद्देश्य-निर्मित संग्रहालय (आधिकारिक तौर पर साल 1683 में खोला गया) ऑक्सफोर्ड का एशमोलेन संग्रहालय है।
- क्या आप जानते हैं? गृह युद्ध (1642 – 1646) के दौरान ऑक्सफोर्ड इंग्लैंड की राजधानी थी।
- एलिस इन वंडरलैंड से एलिस वास्तव में एलिस लिडेल नामक एक असली लड़की थी। असली एलिस, लुईस के एक कॉलेज मित्र – क्राइस्ट चर्च में डीन की पुत्री थी।
- होलीवेल म्यूजिक रूम (1748) यूरोप में सबसे पुराना संगीत प्रदर्शन कक्ष है।

## राशिफल

**मेष :** व्यावसायिक रूप से आज का समय अच्छा है। आर्थिक लाभ भी शुभ रहेगा। आपके काम पूरे होंगे, लेकिन उनमें कुछ देरी हो सकती है।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहेगा। छात्रों के लिए आज का दिन करियर में एक नया बदलाव लेकर आएगा। हर कोई आपकी बातों को ध्यान से सुनेगा।

**मिथुन :** आज आपको किसी गरीब को भोजन कराना चाहिए. बड़ी से बड़ी मुश्किलें आसान हो जाएंगी। जल्दबाजी से बचें और जोखिम उठाएं। अपेक्षित कार्यों में देरी होगी।

**कर्क :** आप जीवन के सभी क्षेत्रों में सफलता और समृद्धि प्राप्त कर सकते हैं। आपको अपने वरिष्ठों से लाभ होगा और पेशेवर रूप से आपकी स्थिति अधिक स्थिर हो सकती है।

**सिंह :** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। जीवनसाथी के बीच कुछ मतभेद हो सकते हैं, लेकिन शाम तक सब कुछ बेहतर हो जाएगा।

**कन्या :** संतान और जीवनसाथी से सुख मिलेगा। आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा। अपनी बातचीत में मौलिक रहें, किसी भी तरह की कृत्रिमता आपकी मदद नहीं करेगी।

**तुला :** अगर आप आर्थिक मामलों में व्यवस्थित तरीके से काम करेंगे तो आपको सफलता मिलेगी। घर खरीदने या नवीनीकरण के लिए शुभ समय।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आपका दिन दूसरों की सेवा में व्यतीत हो सकता है। आज लोग आपसे बहुत प्रभावित होंगे।

**धनु :** आज कोई बढ़िया नया विचार आपको आर्थिक लाभ दिलाएगा। परिजनों से अनबन हो सकती है, झगड़ों से बचने की कोशिश करें। व्यस्तता के कारण स्वास्थ्य बिगड़ेगा।

**मकर :** छात्रों को सामान्य से अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है, फिर भी वे अपने निरंतर प्रयासों से सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

**कुंभ :** आज उच्च अधिकारियों से अच्छे संबंध बनाए रखने का प्रयास फलदायी होगा। किसी मित्र का सहयोग प्राप्त होगा। करियर में तरक्की के योग हैं।

**मीन :** आज आप में से किसी के लिए बेहतर नौकरी मिलने के संकेत हैं। व्यापार में लाभ होगा। नई परियोजनाओं और खर्चों को स्थगित करें।

## चुटकुले

अगर 35-36 की उम्र तक तुम
किसी के बाबू-शोना नहीं बन पाए हो...
तो
समझ लो तुम सिर्फ
जनगणना के लिए ही पैदा हुए हो...!

---

पत्नी – आप मुझे बार-बार
सॉरी मत बोला करो...!
पति – क्यों...?
पत्नी – क्योंकि मेरा लड़ने का सारा
मूड ही खराब हो जाता है...!

---

चिंटू – यार तूने इतने छोटे-छोटे
बाल क्यों कटवाए...?
पप्पू – नाई के पास तीन रुपये
खुल्ले नहीं थे, तो
मैं बोला– तीन रुपये की और काट दे...!




**सूचना :** आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
**Email : currentcrimenews@gmail.com**

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# झांकियों के कई रूपो में दिख रहे भोले बाबा, केसरिया रंग में रंगा एनएच 58











**गाजियाबाद ( करंट क्राइम )।** रविवार को एनएच 58 अब केसरिया रंग में रंग चुका है, कांवड़ मार्ग पर भव्य झांकियां में भोले बाबा के कई रूप देखने को मिल रहे हैं। हर तरफ मैले जैसा माहौल बन गया है, शिवा- शिवा बोल-- बम जैसे जयकारों के साथ शिव भक्त अपनी मंजिलों की ओर बढ़ रहे हैं।

सभी फोटो उदयवीर सिंह

## प्रताप विहार रामचरितमानस रामलीला कमेटी कार्यकारिणी घोषित




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** रामचरित्र मानस रामलीला कमेटी प्रताप विहार विजय नगर ने रविवार को अपनी वर्ष 2025 के लिए पदाधिकारी की घोषणा करते हुए राजकुमार शर्मा को अध्यक्ष पुष्पेंद्र गुप्ता को कोषाध्यक्ष व पंकज यादव को महासचिव बनाया है। नवनिर्वाचित पदाधिकारी ने इस वर्ष होने वाले रामलीला महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए निर्णय लिया है। पदाधिकारी की नियुक्ति के लिए कोई बैठक पर समाज के क्षेत्र के कई लोग उपस्थित रहे। सभी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियो को बधाई देते हुए क्षेत्र में अच्छे रामलीला मंचन की कामना की है। इस मौके पर पूर्व पार्षद संतराम यादव, आशु पंडित, राहुल यादव, सोनू गर्ग, ललित शर्मा, लोकेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## कांवड़ महोत्सव को सफल बनाने में जुटा नगर निगम

### मेरठ रोड स्थित कंट्रोल रूम से नगर आयुक्त ने की मॉनिटरिंग, टीम को दिये व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा कांवड़ रूट, मंदिरों तथा आयोजित कांवड़ शिविरों में व्यवस्थाओं को दुरुस्त बनाए रखने के लिए 24 घंटे निगम अधिकारियों तथा टीम को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं।

मेरठ रोड स्थित कंट्रोल रूम पर पहुंचकर नगर आयुक्त द्वारा चल रहे कार्यों की मॉनिटरिंग की तथा वॉकी टॉकी के माध्यम से सभी विभागों के अधिकारियों तथा विशेष रूप से सफाई मित्रों

### जलाभिषेक तक व्यवस्था में 24 घंटे अलर्ट रहें अधिकारी व टीम : नगर आयुक्त



को व्यवस्था बनाए रखने तथा साफ सफाई को बेहतर करने के लिए निर्देशित किया गया। मौके पर सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल भी उपस्थित रहे।

पेयजल हेतु टैंकरों की व्यवस्था, नियमित रूप से सभी आयोजित कांवड़ शिवर में फागिंग तथा साफ-सफाई की व्यवस्था, मंदिरों के बाहर साफ सफाई की व्यवस्था डस्टबिन नियमित रूप से खाली करने की व्यवस्था, लगे हुए मोबाइल शौचायलयों को साफ रखने की व्यवस्था, कांवड़ रूट को प्रकाश युक्त रखने की व्यवस्था अन्य आवश्यक सभी व्यवस्थाओं के लिए गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारी लगातार निरीक्षण पर रहे तथा 24 घंटे जलाभिषेक तक टीम अलर्ट रहेगी निर्देश नगर आयुक्त द्वारा टीम को दिए गए।

नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले क्षेत्र अंतर्गत निगम की टीम तथा सभी विभाग लगे हुए हैं अधिकारियों की मॉनीटरिंग भी प्रबल बनी हुई है। कांवड़ महोत्सव को भव्यता देने के लिए सोमवार तथा मंगलवार के दिन भव्य पुष्प वर्षा भी की जाएगी जिसमें सभी अधिकारी तथा पाषर्द मिलकर महापौर की अध्यक्षता में कांवड़ यात्रियों तथा श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा करेंगे।

# पुलिस ने साइबर फ्रॉड करने वाला सुमित जिंदल को किया अरेस्ट

### फेसबुक पर महिलाएं गैंग बनाकर फंसाती




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** साइबर क्राइम थाना पुलिस द्वारा क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गैंग का पदार्फाश किया है। इस गैंग से गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर समेत 4 राज्यों की करीब 6 करोड़ 85 लाख रुपये की कुल 7 घटनाओं का खुलासा है। जिसके पास से 6 लाख रुपये, एक मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड व चैकबुक बरामद की गईं हैं। इनके साथ हुई धोखाधड़ी गाजियाबाद के इंदिरापुरम निवासी अंकित रस्तोगी के साथ क्रिप्टो करेन्सी में निवेश कर मुनाफा कमाने के नाम पर 1 लाख 82 हजार रुपये की साइबर फ्राड की घटना हुई। किरन नाम की युवती द्वारा फेसबुक पर वादी से दोस्ती कर उसे व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ कर वेबसाइट से मिलता जुलता एप बनाकर क्रिप्टो करेन्सी में निवेश के बहाने साइबर ठगी की घटना की गई।

अंकित रस्तोगी द्वारा दिनांक 18 जुलाई को थाना साइबर क्राइम पर केस दर्ज किया गया। जहां साइबर क्राइम थाना पुलिस ने आरोपी सुमित जिंदल को अरेस्ट कर लिया। सुमित ने पूछताछ पर बताया कि उनका एक गैंग है, जिसके सदस्य लोगों को सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिये व्हाट्सएप ग्रुपों से जोड़कर, लिंक भेजकर फर्जी शेयर ट्रेडिंग वेबसाइट में अकाउन्ट खुलवाकर क्रिप्टो ट्रेडिंग में निवेश के बहाने रुपये ट्रांसफर कराकर साइबर फ्रॉड की घटना करते हैं।

महिलाएं भी हैं गैंग में शामिल इनके गैंग में महिलाओं द्वारा फेसबुक पर लोगों से दोस्ती कर उन्हें विश्वास में लेकर क्रिप्टो शेयर ट्रेडिंग में अधिक मुनाफा का प्रलोभन दिया जाता है। इस तरह विश्वास में लेकर लोगों का क्रिप्टो शेयर ट्रेडिंग के नाम पर एक फर्जी वेबसाइट में ट्रेडिंग खाता खुलवाकर उनसे इन्वेस्टमेन्ट के नाम पर अलग अलग बैंक खातों में पैसे जमा कराये जाते हैं। सुमित जिंदल का इस पूरे साइबर ठगी में खाते उपलब्ध कराने का काम था। इसके द्वारा उपलब्ध कराये गये खाते में फ्राड का पैसा आने पर यह 10 प्रतिशत कमीशन लेकर शेष कैश अन्य आरोपियों को देता था। इनके साथ हुआ फ्रॉड अंकित रस्तोगी से हुए 1,82,68,090 रुपये के फ्रॉड की घटना तथा गौतमबुद्धनगर के साइबर क्राइम थाने में अशोक अग्रवाल के साथ हुई 3,26,00,000 रुपये के फ्रॉड की घटना का खुलासा हुआ। आंध्रप्रदेश की राधिका के साथ 59 लाख रुपये, व अन्य लोगों से भी फ्रॉड की घटनाओं का खुलासा हुआ है। सुमित जिंदल पुत्र रामकिशन सेक्टर 15 रोहिणी दिल्ली का रहने वाला है, जो ग्रेजुशन तक पढ़ा हे।

## गढ़मुक्तेश्वर में मध्य गंगा नहर में मिला महिला का शव

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर में सिंभावली क्षेत्र के नया बास झाल के पास मध्य गंगा नहर से एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ है। पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

थाना प्रभारी सुमित तोमर ने बताया कि महिला की उम्र लगभग 35 वर्ष है। पुलिस मामले की जांच कर रही शव सड़ी-गली अवस्था में मिला है। अभी तक महिला की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आसपास के थाना क्षेत्रों में महिला की गुमशुदगी की रिपोर्ट की जानकारी जुटाई जा रही है। मौत के कारणों का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा।

## यशोदा मेडिसिटी हॉस्पिटल ने लगाया फ्री स्पाइन एवं पैन मैनेजमेंट शिविर



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** यशोदा मेडिसिटी हॉस्पिटल इंदिरापुरम में फ्री स्पाइन एवं पैन मैनेजमेंट शिविर लगाया गया। लगभग 150 मरीजों ने पहुंच कर डॉ. नीरज जैन व डॉ. सुनील शर्मा से चेकअप करवाया व उचित सलाह ली। गाजियाबाद में मुंबई से फिल्म स्टार राजेश खट्टर पहुंचे। राजेश खट्टर बैक पेन के चलते यशोदा मेडिसिटी हॉस्पिटल इलाज के लिए आए। यशोदा मेडिसिटी हॉस्पिटल में डॉक्टर नीरज जैन को दिखाया, डॉक्टर ने दवाइयों के साथ सावधानी बरतने के लिए दिया सुझाव। राजेश खट्टर ने यशोदा मेडिसिटी हॉस्पिटल तारीफ की। कहा, कोरोना वायरस के समय से ही मैं यशोदा हॉस्पिटल में इलाज के लिए आ रहा हूं। उन्होंने आगे कहा, 1200 बेड का इतना भव्य हॉस्पिटल है। इस हॉस्पिटल में आते ही लगता है हम ऑल इंडिया मेडिकल इंस्टीट्यूट लेवल के हॉस्पिटल में आ गए हैं।



## हापुड़ में चोरो ने तीन घरो में चोरी की

### रिटायर्ड दरोगा समेत तीन परिवारों से नकदी और जेवरात लेकर फरार




**हापुड़ (करंट क्राइम)।** थाना सिम्भावली क्षेत्र में चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाया। चोरों ने घरों में घुसकर महिलाओं से मारपीट की और लाखों के जेवरात और नकदी चोरी करके फरार हो गए।

जबकि एक मकान में चोरी का प्रयास किया। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर चोरों की तलाश में जुटी है। पहला मामला मनोज के घर का है। चोरों ने उनकी ताई राजबाला से मारपीट की। यहां से दो सोने की चूड़ियां, गले का सेट, कुंडल, छह अंगूठियां और डेढ़ लाख रुपए नकद ले गए। चांदी की पाजेब और सिक्के भी चोरी हुए। दूसरा मामला मूलराज के घर का है। चोरों ने यहां से एक सोने की चेन और 20 हजार रुपए नकद चुराए। तीसरा मामला रिटायर्ड दारोगा रामकुमार त्यागी के घर का है।

चोरों ने उनकी पत्नी मुनेश से मारपीट की। यहां से पांच तोले का सोने का हार, दो चेन, कई अंगूठियां, सोने का सिक्का और चांदी के सिक्के व पाजेब चोरी हुए। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। पीड़ितों ने थाना सिम्भावली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। गांववासियों ने पुलिस से गश्त बढ़ाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। जल्द पूरे मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# रात में दीवार कूदकर 25 दिन की दुल्हन ससुराल से भागी

### लाखों के गहने भी ले गई



**नोएडा (करंट क्राइम)।** दनकौर कस्बे में एक नवविवाहिता ससुराल से फरार हो गई। वह अपनी शादी के 25 दिन बाद रात करीब 12 बजे घर की दीवार कूदकर भाग गई। दूल्हा पक्ष को एक बिचौलिए ने करीब 25 दिन पहले हरियाणा में दुल्हन से परिचय कराया था। बिचौलिए ने बताया था कि वह दुल्हन का रिश्तेदार है।

उसने यह भी कहा कि लड़की के माता-पिता की कई साल पहले मृत्यु हो चुकी है। इसके बाद एक मंदिर में दोनों की शादी हुई। शुक्रवार रात जब परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे, उसी समय वह छत के रास्ते नीचे उतरी और दीवार कूदकर फरार हो गई। शनिवार सुबह जब वह कमरे में नहीं मिली, तो परिवार ने उसे काफी खोजा। पीड़ित परिवार का आरोप है कि दुल्हन शादी में दिए गए लाखों रुपये के गहने भी साथ ले गई है। परिवार ने दनकौर कोतवाली में शिकायत की है। पुलिस का कहना है कि अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है।

शिकायत मिलते ही मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# कश्यप निषाद संगठन हर क्षेत्र में फैला रहा है प्रकाश : नरेंद्र कश्यप

## बौद्धिक चिंतन शिविर में बुजुर्गों से कहा, युवाओं को दें संस्कार और संगठित रहने का संदेश





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कश्यप निषाद संगठन की ओर से लोनी के गुरुद्वारा रोड इंदिरापुरम स्थित मां भगवती पैलेस में रविवार को बौद्धिक चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष कश्यप निषाद संगठन नरेंद्र कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने लोनी में आयोजित इस विशाल बौद्धिक चिंतन शिविर में जहां बुजुर्गों को संगठित और अपने युवाओं को संस्कार बांटने का संदेश दिया। तो वह यह भी कहने से नहीं चुके कि वर्तमान समय में कश्यप निषाद समाज हर क्षेत्र में प्रकाश फैलाने का काम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि कश्यप निषाद संगठन के लोग आज शिक्षित होकर संगठित हो रहे हैं। लोनी में आयोजित कश्यप निषाद संगठन के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं, बुजुर्ग और संगठन के वर्षों पुराने पदाधिकारियों ने भाग लिया।

इस दौरान सभी ने संकल्प लिया है कि कश्यप निषाद संगठन एकजुट होकर आगे भी समाज और अपने वर्ग के लोगों के उत्थान पर काम करेगा।

# भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने भाजयुमो के चौथे कांवड़ शिविर का किया उद्घाटन











**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा रविवार को चौथे कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ मोहन नगर ऑटो स्टैंड निकट डीसीपी कार्यालय के पास किया गया। इस सेवा शिविर का नेतृत्व भाजयुमो महानगर अध्यक्ष सचिन डेढ़ा ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल द्वारा पूजा एवं हवन के साथ विधिपूर्वक संपन्न हुआ।

शिविर में शिवभक्तों की सुविधा हेतु विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं, जिनमें विश्राम स्थल, भोजन वितरण, प्राथमिक चिकित्सा एवं आवश्यक दवाओं की व्यवस्था शामिल है। कांवड़ यात्रियों की सेवा हेतु यह शिविर पूर्णतः निःशुल्क है और चौबीसों घंटे संचालित रहेगा।

महानगर युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन डेढ़ा ने बताया कि 'सेवा ही संगठन' की भावना के साथ यह शिविर आयोजित किया गया है, जिसका उद्देश्य हर शिवभक्त को सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा प्रदान करना है। इस अवसर पर भाजयुमो के अनेक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह शिविर न सिर्फ शिवभक्तों की सुविधा का केंद्र बनेगा, बल्कि युवाओं में सामाजिक सेवा की भावना को भी प्रोत्साहित करेगा। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप, पूर्व पार्षद चौधरी अतर सिंह, अनुज कश्यप, पार्षद राहुल शर्मा, नितिन शर्मा, मधु चौधरी, आशीष चौधरी, दीपक शर्मा, पुष्पेंद्र गुप्ता, सुधीर त्यागी, अनिल शर्मा, रवि गीतम, अभिजीत मुखर्जी, राहुल मावी, पंकज लड्डू, अनुज कसाना, नवीन उप्पल, रोहित चौधरी, दीपक मंडल, विहान मावी, रोहित डेढ़ा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**भंडारा**





गाजियबाद, करंट क्राइम। जनपद बागपत में भोले बाबा के आशीर्वाद से एमएलसी दिनेश गोयल ने अपने पूर्वजों द्वारा 43 वर्षों से निरंतर चलाए जा रहे भंडारे का पुरा परशुरामेश्वर महादेव मंदिर बागपत पर विधि विधान से भंडारे का आयोजन किया जा रहा है जो आगे भी 23 जुलाई 2025 शाम तक निरंतर चलता रहेगा।

**आस्था**



साहिबाबाद, करंट क्राइम। खोड़ा झुन्ना हनुमान मंदिर से तीसरी शिव शक्ति विशाल डाक कावड़ यात्रा को झंडी दिखाकर शिवभक्तों को विधिवत रूप से भाजपा नेता कालू यादव ने रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि हमारी आस्था, एकता और सेवा भावना की जीवंत मिसाल है।

## वैशाली नहर रोड पर दिख रहा आस्था का सैलाब

# शिव के भजनों पर झूमते कांवड़िए







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कांवड़ यात्रा के दौरान रविवार को वैशाली नहर रोड भक्ति से सराबोर रहा। डाक कांवड़ से लेकर पैदल जत्थों तक शिवभक्त भजनों पर झूमते हुए अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहे हैं। सावन का यह नजारा हर किसी को आकर्षित कर रहा है। शिवभक्तों की टोलियां शिव भजनों पर थिरकती हुईं, कंधे पर गंगाजल लिए हुए, अपने-अपने शिवालयों की ओर बढ़ रही हैं। पार्षद राधेश्याम त्यागी ने बताया कि वैशाली नहर रोड से अपने स्थानों पर श्रद्धालुओं ने डीजे सिस्टम, ढोल और भजन मंडलियों के साथ उत्सव का माहौल बना दिया है।

दिन हो या रात, हाईवे पर आस्था का यह सैलाब लगातार बह रहा है। डाक कांवड़िए पूरे वेग से दौड़ते हुए गंतव्यों की ओर बढ़ रहे हैं, तो सामान्य कांवड़िए शिव के भजनों पर झूमते हुए थकान भूल चुके हैं। शिव कांवड़ सेवा संघ मकनपुर से जयवीर त्यागी, सोमनाथ त्यागी, शशि भूषण, गजराज, सीताराम त्यागी, गंगा प्रसाद, टेकचंद शर्मा, पूर्व पार्षद अनीता त्यागी, अभिषेक त्यागी, सलेक त्यागी, रविंद्र तिवारी, विनय त्यागी, नरेंद्र त्यागी, विजेंदर त्यागी, विनय त्यागी आदि लोग मौजूद रहे।

**कांवड़ सेवा शिविर**







गाजियाबाद, करंट क्राइम। संयुक्त व्यापार मंडल के मेरठ मंडल अध्यक्ष अरविंद तेवतिया ने सरूरपुर खुर्द जनपद मेरठ में देवेंद्र पूनिया अध्यक्ष कांवड़ सेवा संघ के द्वारा आयोजित कांवड़ सेवा शिविर में यज्ञ में सम्मिलित होकर फीता काट कर कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ किया। मोदीनगर में राहुल चौधरी एवं डॉक्टर रूपेश पूनिया की टीम के द्वारा आयोजित कांवड़ सेवा शिविर में सम्मिलित होकर धर्म लाभ उठाया। कांवड़ सेवा शिविर में लगे शिव सेवकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।

# पार्षद कविता प्रवीन भाटी के नेतृत्व में व्यापार मंडल कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद के राम पार्क में कांवड़ सेवा शिविर का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने फीता काटकर, पं. गिरधारी लाल शास्त्री ने ज्योति प्रज्वलित करवा कर शिविर का उद्घाटन किया। एसीपी स्वेता यादव, एसएचओ योगेन्द्र सिंह सहित क्षेत्रवासी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। वहीं, महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान भी शिविर में पहुँचकर भोलों की सेवा में शामिल हुए।

यह सेवा शिविर वार्ड 83 की पार्षद कविता प्रवीन भाटी के नेतृत्व में शिवभक्त कांवड़ यात्रियों की सेवा एवं सुविधा हेतु लगाया गया है। शिविर में शीतल जल, प्राथमिक उपचार, विश्राम की व्यवस्था, भोजन सहित अनेक सेवाएं निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं।

इस अवसर पर अशोक गुप्ता आटेवाले, सी.एल. बरेजा, दीपक गुप्ता, अशोक पुंजानी, दीपक अग्रवाल, बिक्रम बंसल, नरेंद्र चौधरी, नकुल वर्मा, बृजेश जादौन, अनिरूद्ध अग्रवाल, के.डी. शर्मा, सी.पी. वर्मा, सुलेखचंद, हर्ष दिवाकर मिश्रा, राजपाल कौशिक, डॉ. अनिल शर्मा, करतार सिंह, कल्पना सिंह, सुरेंद्र चौधरी, आचार्य गिरीष गोस्वामी, निझावन, अशोक चौधरी, मनोज शर्मा, अंकित बैसोया, रविंद्र कोहली आदि लोग उपस्थित रहे। पार्षद कविता प्रवीन भाटी ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि श्रद्धा और सेवा का यह कार्य निरंतर जारी रहेगा।




## पुलिस आज तीनों जोन में करेगी पुष्प वर्षा

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में आज सावन के दूसरे सोमवार पर पुलिस कमिश्नरेट के तीनों ही जोन में पुलिस के अधिकारियों द्वारा पुष्प वर्षा की जाएगी। पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि पुष्प वर्षा कार्यक्रम में साहब से लेकर उनके अधीनस्थ आईपीएस से लेकर एसीपी अधिकारी इस पुष्प वर्षा कार्यक्रम में भाग लेंगे। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों ने जानकारी दी है कि कमिश्नरेट की तीनों जोन में यह कार्यक्रम सोमवार को किया जाएगा। इसमें जहां मुख्य कंट्रोल रूम को चुना गया है। तो देहात में मुरादनगर गंग नहर और नहर पटरी मार्ग रहेगा। तो नदिया पार में भी इसी तरीके का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। दरअसल रविवार को जिस तरीके से महाराज जी ने पहले गाजियाबाद में सबसे प्राचीन शिव मंदिर में दर्शन का कार्यक्रम किया। वहां पूजा की और फिर यहां से निकल गए। इस दौरान बेहद कम समय में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने बेहतर कोऑर्डिनेटर स्थापित करते हुए मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया है। कार्यक्रम के बाद अधिकारियों की तनाव रहित तस्वीर बता रही थीं कि भले सब कुछ वेरी फास्ट हुआ, सब कुछ फाइन और कहा भी जाता है कि अगर अंत भला तो सब भला। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एसीपी लोगों ने जैसे ही सूचना प्राप्त की थी कि महाराज जी आने वाले हैं। उन्होंने थाना वाले थ्री-स्टार से लेकर चौकी वाले टू-स्टार तक अलग-अलग रूट पर लगा दिए थे। तो वहीं लाइन से लेकर कार्यक्रम स्थल तक सुरक्षा का तगड़ा बंदोबस्त किया गया था। सूत्र बताते हैं कि लगभग 800 पुलिस कर्मियों को कुछ ही मिनट के भीतर लाइनअप करते हुए उनके ड्यूटी प्वॉइंट्स पर तैनात कर दिया गया था। इसके साथ ही मुख्यमंत्री के निकट उन एसीपी को तैनाती दी गई थी, जो कमिश्नरेट में अपनी सॉलिड बॉडी और पर्सनालिटी के लिए जाने जाते हैं। तो वहीं शहर वाले वह थ्री- स्टार जो मंदिर की सेवा में सदैव रहते हैं। उनको भी महाराज जी के एकदम नजदीक तक लगाया गया था। वहीं सिटी वाले साहब ने भी पहले सिटी जोन में महाराज जी का शॉर्ट पीरियड वाला कार्यक्रम करवाके अपनी क्षमताएं दर्शा दी हैं। वहीं बड़े साहब की मुस्कान वाली तस्वीर बता रही थी कि शायद गाजियाबाद पुलिस ने जो किया है वह बेहतरीन काम रहा है। कुल मिलाकर देखना होगा कि सोमवार को कौन-कौन से आईपीएस अधिकारी पुष्प वर्षा कार्यक्रम में रुचि लेते हैं और कौन आनंदित नजर आते हैं।




### दूधेश्वर नाथ मंदिर पर किया भंडारे का आयोजन



गाजियाबाद, करंट क्राइम। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल गाजियाबाद के जिलाध्यक्ष एवं मेरठ मंडल प्रभारी संदीप बंसल प्रधान के परिवार द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी एमएमजी अस्पताल के सामने दूधेश्वर नाथ मंदिर पर कांवड़ियों के भंडारे के लिए एक शिविर लगाया गया है जो 20 से 23 जुलाई तक शिव भक्तों की भंडारे पर अनेक व्यंजनों से सेवा करेगा। प्रथम दिन का भंडारा आज दोपहर से शुरू किया गया। भंडारा वितरण करने में अपनी सेवा करने वाले जिलाध्यक्ष संदीप बंसल, हर्ष बंसल, संजय गुप्ता, प्रेम प्रकाश चीनी, दीपक गर्ग, अमन सिसोदिया, चेतन शर्मा, अनिल गर्ग, जितेंद्र गोयल, विनोद अग्रवाल, नितिन मित्तल सहित अनेक सेवादार शामिल हुए।

# एंबुलेंस से एक्सीडेंट होने से तीन कांवड़ियों की मौत, दो घायल



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सड़क हादसे में 3 कावड़ियों की मौत हो गई। जबकि 2 गंभीर रूप से घायल हैं, कई अन्य भी चपेट में आने बताए गए हैं। जिस एंबुलेंस से एक्सीडेंट हुआ है। उसकी स्पीड 100 ` प्रति घंटा से भी अधिक थी। जिस हॉस्पिटल की एंबुलेंस है, वह भाजपा की मोदीनगर विधायक मंजू सिवाच के पति का है। रात में पुलिस ने हंगामा कर रहे कांवड़ियों को शांत कराया।

इनकी हुई मौत रितिक (23 साल) पुत्र ऋषिपाल सिंह निवासी 337, शिव मंदिर के पीछे कृष्णा नगर थाना सिहानी गेट, गाजियाबाद की मौत हुई। अभिनव समानिया (25साल) पुत्र विजयपाल सिंह निवासी शताब्दीपुरम, गोविंदपुरम थाना कविनगर जिला गाजियाबाद। सचिन उर्फ जोनी (23 साल) पुत्र कालूराम निवासी गगन विहार, भोपुरा, थाना टीला मोड़ गाजियाबाद की मौत हुई। वहीं हर्ष विहार मंडौली निवासी अजय गंभीर रूप से घायल है। बाइक से जा रहे थे हरिद्वार गंगाजल लेने दिल्ली मेरठ मार्ग पर गांव का कादराबाद के पास एम्बुलेंस ने स्कूटी सवार लोगों को कुचल दिया। 2 मरने वालों की रात तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। बताया जा रहा है कि कुछ युवक बाइक व स्कूटी पर शनिवार रात को जल लेने के लिए हरिद्वार की ओर जा रहे थे। रात कभी करीब बारह बजे के आसपास जब दिल्ली मेरठ मार्ग पर गांव कादराबाद के पास पहुंचे तो सामने से आ रही है तेज रफ्तार एंबुलेंस ने स्कूटी में बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी की जबरदस्त थी कि बाइक सवार कांवड़िये उछलकर सड़क पर जा गिरे। सड़क हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलों को मोदीनगर के जीवन अस्पताल व मेरठ के सुभारती अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे में तो दो युवकों की मौत हो गई है, जबकि तीन लोग घायल हुए हैं। घायलों का मोदीनगर में मेरठ में इलाज चल रहा है। मरने वालों की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। यह एंबुलेंस जीवन अस्पताल की है। जीवन अस्पताल मोदीनगर से भाजपा विधायक डॉ मंजू सिवाच के पति देवेंद्र शिवचरण का है। मौके पर एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय वह थाना प्रभारी मोदीनगर नरेश शर्मा पुलिस फोर्स के साथ पहुंच गए। रात पुलिस स्थिति को संभालने में लगी रही। पुलिस ने एंबुलेंस को कब्जे में ले लिया है। डीसीपी देहात सुरेंद्रनाथ तिवारी का कहना है एक एंबुलेंस से सड़क हादसा हुआ है। जिसमें हरिद्वार जा रहे पांच लोग घायल हुए हैं। इनमें दो की मौत हो गई। अन्य जो घायल है उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मरने वालों के पहचान प्रयास किया जा रहे हैं।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सावन का महीना पूर्व मेयर आशु वर्मा के लिए कुछ खास होता है। वह सावन के महीने में शिव की भक्ति का एक बड़ा संदेश रोजाना शिवालय जाकर देते हैं। वह सनातन धर्म के प्रति ,शिव भक्ति के प्रति लोगों को जागरुक करते हैं। सावन माह के महीने में वह रोजाना अपनी पोस्ट के जरिए शिव भक्ति का एक संदेश देते हैं। पूर्व मेयर आशु वर्मा की शिव भक्ति की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# संघर्ष विराम बातचीत थमी तो इस्राइल ने हमले तेज किए, मध्य गाजा खाली करने का दिया आदेश

**तेल अवीव ।** इस्राइली सेना ने मध्य गाजा को खाली करने का आदेश जारी कर दिया है। मध्य गाजा उन इलाकों में शामिल है, जहां इस्राइल के सैनिकों ने ज्यादा कार्रवाई नहीं की है। इससे दीर अल बलाह और राफा और खाना यूनिस के बीच संपर्क टूट गया है। वहीं संघर्ष विराम बातचीत कई महीनों से थमी है, ऐसे में इस्राइल हमले तेज करने की तैयारी कर रहा है।



**इस्राइल और हमास, कतर में युद्धविराम को लेकर बातचीत कर रहे हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थों का कहना है कि फिलहाल कोई सफलता नहीं मिली है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि गाजा में इस्राइली सैन्य अभियानों से हमास पर बातचीत करने का दबाव पड़ेगा**

### हमले तेज करेगी इस्राइली सेना

हालांकि अभी तक ऐसा नहीं हो सका है। गाजा के जिस इलाके में निकासी का आदेश दिया गया है, वहां कई अंतरराष्ट्रीय संगठन भी स्थित हैं जो लोगों को सहायता वितरित करने का प्रयास कर रहे हैं। संगठनों ने इस्राइल की निकासी चेतावनियों पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की।

**मध्य गाजा से लोगों को मुवासी जाने की सलाह**ः इस्राइली सेना ने मध्य गाजा में रहने वाले लोगों को मुवासी क्षेत्र में जाने की अपील की है। मुवासी गाजा के दक्षिणी तट पर एक तंबू शिविर है, जिसे इस्राइली सेना ने मानवीय शिविर घोषित किया है। इस्राइली सेना ने चेतावनी दी है कि वे आतंकवादियों पर हमले तेज करने वाले हैं। हमास ने 7 अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इस्राइल में हमला किया, जिसने गाजा में युद्ध की शुरूआत की। हमास के हमले में इस्राइल में 1200 लोग मारे गए थे और 251 अन्य को बंधक बना लिया गया था। अभी भी 50 लोग बंधक हैं, जिनमें से आधे से भी कम जीवित बचे हैं। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इसके बाद हुए इस्राइली सेना के हमले में 58,000 से ज्यादा फलस्तीनी मारे गए हैं। मंत्रालय ने ये नहीं बताया कि मृतकों में कितने आतंकवादी हैं।

# सत्ता गंवा सकते हैं पीएम इशिबा एग्जिट पोल में हार के संकेत

**टोक्यो ।** जापान में रविवार को ऊपरी सदन के लिए मतदान हुए। एग्जिट पोल के अनुसार प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा की सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार के ऊपरी सदन में बहुमत खोने की संभावना है। इससे अमेरिका के साथ टैरिफ की समयसीमा नजदीक आने के कारण विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में राजनीतिक अस्थिरता पैदा होने संभावना बढ़ गई है।



हालांकि, मतदान से सीधे तौर पर यह तय नहीं होगा कि प्रधानमंत्री इशिबा की अल्पमत सरकार गिरेगी या नहीं, लेकिन इससे उन पर दबाव बढ़ जाएगा, क्योंकि एलडीपी ने पिछले साल अक्तूबर में हुए निचले सदन के चुनाव में 15 वर्षों में अपना सबसे खराब प्रदर्शन किया था।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि बहुमत नहीं मिलता तो एलडीपी के भीतर ही इशिबा को हटाने की मांग तेज हो सकती है। रविवार को जापान की संसद के उच्च सदन की 248 सीटों में से 125 सीटों के लिए मतदान हुए। शुरूआती नतीजे रविवार देर रात आने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री इशिबा की पार्टी एलडीपी और उनकी सहयोगी कोमितो को बहुमत के लिए 50 सीटें जीतनी होंगी। हालांकि पहले से उनके पास 75 सीटें हैं।

उच्च सदन के सदस्यों का कार्यकाल 6 वर्ष का होता है, जबकि प्रतिनिधि सभा के सदस्यों का कार्यकाल प्रधानमंत्री द्वारा भंग किया जा सकता है। जापान में उच्च सदन के आधे सदस्यों को हर तीन साल में होने वाले चुनावों में बदल दिया जाता है ताकि पूर्ण परिवर्तन को रोका जा सके। 75 सीटों का चुनाव निर्वाचन क्षेत्रों में और 50 सीटों का चुनाव आनुपातिक प्रतिनिधित्व के माध्यम से किया जाता है।

# सऊदी अरब के स्लीपिंग प्रिंस का निधन, 20 साल से कोमा में

**रियाद ।** साल 2005 में लंदन में एक कार हादसे में अलवलीद बिन खालेद गंभीर रूप से चोटिल हुए थे। सिर में गहरी चोट लगने के बाद अलवलीद कोमा में चले गए थे।

परिवार ने की पुष्टि सऊदी प्रिंस अलवलीद बिन खालेद बिन तलाल का 36 साल की उम्र में निधन हुआ। उनके परिवार ने इसकी पुष्टि कर दी है। 15 साल की उम्र में कोमा में गए प्रिंस अलवलीद ने कोमा में ही दुनिया को अलविदा कहा है। युवराज के निधन पर उनके पिता ने बयान जारी कर कहा 'खुदा की इच्छा और उनके आदेश में विश्वास रखने वाले दिलों और गहरे दुख के साथ, हम अपने प्यारे बेटे, प्रिंस अल-वलीद बिन खालिद बिन तलाल बिन अब्दुलअजीज अल सऊद के लिए शोक मनाते हैं, खुदा उस पर दया करें, जिनका आज निधन हो गया।'



**अलवलीद बिन खालेद**

**सऊदी अरब के युवराज अलवलीद बिन खालेद का शनिवार को निधन हो गया। युवराज अलवलीद बीते 20 वर्षों से कोमा में थे। इस वजह से अलवलीद बिन खालेद को स्पीपिंग प्रिंस के नाम से भी जाना जाता था**

### लंदन में पढ़ाई के दौरान हुए थे हादसे का शिकार

युवराज अलवलीद जब 15 साल के थे, तब लंदन में एक सैन्य कॉलेज में पढ़ाई के दौरान युवराज एक कार हादसे का शिकार हुए थे। इस हादसे में युवराज के सिर में गंभीर चोट लगी और उससे उनके मस्तिष्क में आंतरिक ब्लीडिंग हुई और वे कोमा में चले गए। बाद में युवराज को रियाद के किंग अब्दुलअजीज मेडिकल सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां वे 20 साल तक मेडिकल सपोर्ट पर रहे। इस दौरान एक दो बार उनके शरीर में हलचल देखी गई, लेकिन दुनिया भर के विशेषज्ञों को दिखाने के बाद भी युवराज कोमा से बाहर नहीं आ पाए। युवराज के पिता प्रिंस खालेद बिन तलाल बेटे की जान बचाने की कोशिशों में लगे रहे और उन्होंने लाइफ सपोर्ट सिस्टम नहीं हटाने दिया। उनका कहना था कि सिर्फ अल्लाह ही उनके बेटे की मौत का समय तय करेगा। युवराज अलवलीद बिन खालेद, तीन भाइयों में सबसे बड़े थे।

# यूएसः एपस्टीन मामले में ग्रैंड ज्यूरी की रिपोर्ट जारी करने की मांग

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने एपस्टीन मामले में ग्रैंड ज्यूरी द्वारा ट्रांसक्रिप्ट दस्तावेजों को जारी करने की अपील की है, लेकिन न्याय विभाग की फाइलों को रोकने का फैसला किया है। यूरोन्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, वॉल स्ट्रीट जर्नल की खबर के बाद यह फैसला किया गया है। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि ट्रंप ने साल 2003 में कुख्यात यौन तस्कर जेफ्री एपस्टीन के 50वें जन्मदिन पर अश्लील पत्र लिखा था।




**गुप्त तरीके से हो सकती है सुनवाई**
न्याय विभाग ने संघीय अदालत से अपील की कि वे दस्तावेज सार्वजनिक किए जाएं, जो जेफ्री एपस्टीन से जुड़े हैं। ट्रंप प्रशासन ने शुक्रवार को ये अपील की थी। हालांकि न्याय विभाग इस मामले से जुड़े उन हजारों पन्नों को सार्वजनिक नहीं करेगा जिन्हें सार्वजनिक करने के लिए किसी मंजूरी या औपचारिक प्रक्रिया की जरूरत नहीं है। ग्रैंड ज्यूरी तय करेगी कि क्या अभियोग या आपराधिक कार्रवाई करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं या नहीं और क्या मामले पर सुनवाई गुप्त तरीके से होनी चाहिए ताकि गवाही देने से लोग न झिझकें। दस्तावेज सार्वजनिक होने में लग सकता है समय न्याय विभाग की स्वीकृति के बावजूद, यह तय करने में हफ्तों या महीनों की कानूनी मशक्कत लग सकती है कि क्या जारी किया जा सकता है।

# उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में टीटीपी के पांच आतंकवादी ढेर, दो घायल



**पेशाावर ।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शनिवार को सुरक्षा बलों ने अभियान चलाया। इस दौरान सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के कम से कम पांच आतंकवादियों को मार गिराया। पुलिस के अनुसार, अभियान के दौरान दो आतंकी घायल भी हो गए। तहसील दरगई के सहायक आयुक्त वहीदुल्लाह खान के मुताबिक, यह अभियान मलकंद जिले के मेहरदाय इलाके में चलाया गया। अभियान पुलिस और आतंकवाद निरोधी विभाग (सीडीटी) ने मिलकर चलाया। अभियान के दौरान आठ आतंकवादियों को जिंदा पकड़ लिया गया। टीटीपी से जुड़े आतंकवादी क्षेत्र में कर रहे थे हमले खान ने बताया कि पुलिस और सीटीडी ने इस सफल अभियान में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि पांच आतंकवादी मारे गए और दो घायल हो गए, जबकि आठ को जिंदा पकड़ लिया गया है।

# पत्नी की जांच कराने हार पहन कर गए 61 वर्षीय शख्स की दर्दनाक मौत

**वेस्टबरी ।** यह हादसा बुधवार को नासाउ ओपन एमआरआई सेंटर में हुआ। पुलिस के मुताबिक, मशीन के तेज चुंबकीय खिंचाव ने 61 वर्षीय व्यक्ति को उसकी धातु की चेन की वजह से अपनी ओर खींच लिया। बृहस्पतिवार को व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि मृतक का नाम फिलहाल सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। पत्नी को टेबल से उतरने में मदद के लिए एमआरआई कक्ष में गया था पति मृतक की पत्नी एड्रिएन जोन्स-मैकएलिस्टर ने एक टीवी चैनल को बताया कि जब वह अपने घुटने का एमआरआई करवा रही थीं, तो उन्होंने तकनीशियन से अपने पति कीथ मैकएलिस्टर को टेबल से उतरने में मदद करने के लिए कहा। जब उनके पति उनके पास आए, तो अचानक मशीन ने उन्हें खींच लिया। उन्होंने बताया, 'मशीन ने उन्हें घुमा दिया और अंदर खींच लिया। फिर उनका शरीर बिल्कुल सुन्न हो गया।' वह रोते हुए कहती हैं, 'मैं चिल्ला रही थी- मशीन बंद करो, 911 पर कॉल करो, कुछ तो करो!'



**अमेरिका के न्यूयॉर्क में एक दर्दनाक घटना हुई। एक व्यक्ति पत्नी की जांच कराने के लिए बड़ी चेन वाला हार पहनकर एमआरआई कक्ष में घुस गया। इस दौरान मशीन ने उसे अपनी ओर खींच लिया और वह बुरी तरह से घायल हो गया। घटना के दो दिन बाद व्यक्ति ने दम तोड़ दिया**

**मशीन ने भीतर खींचा**

### व्यक्ति ने 20 पाउंड की पहनी थी चेन

पत्नी एड्रिएन का कहना है कि उनके पति ने लगभग 20 पाउंड की एक भारी चेन पहनी हुई थी, जिसका वह वेट ट्रेनिंग के लिए इस्तेमाल करते थे। उन्होंने कहा कि इस बारे में उन्होंने पहले भी तकनीशियन से बात की थी, लेकिन फिर भी उन्हें कमरे में बुला लिया गया। जोन्स-मैकलिस्टर ने बताया, 'उन्होंने मुझे अलविदा कहा और फिर उनका पूरा शरीर सुन्न हो गया।' एमआरआई सेंटर में काम करने वालों ने टिप्पणी करने से इनकार किया लॉन्ग आइलैंड स्थित नासाउ ओपन एमआरआई में काम करने वाले लोगों ने शुक्रवार को इस घटना पर कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। शनिवार को एमआरआई सेंटर में फोन किया गया, लेकिन कोई जवाब नहीं आया। पहले भी हो चुके हैं ऐसे हादसे न्यूयॉर्क में एमआरआई मशीन से हुई यह पहली मौत नहीं थी। इससे पहले भी ऐसे हादसे हो चुके हैं। 2001 में, एक 6 साल का बच्चा माइकल कोलोम्बिनी वेस्टचेस्टर मेडिकल सेंटर में मारा गया था, जब एक ऑक्सीजन टैंक अचानक एमआरआई मशीन की ओर खिंचकर उस पर गिर गया। इस घटना के बाद उसके परिवार ने 2.9 मिलियन डॉलर में मामला निपटाया था।

# इस्राइल में सड़कों पर उतरी भीड़, गाजा से बंधकों की वापसी के लिए ट्रंप से हस्तक्षेप करने की मांग

**तेल अवीव ।** लोगों ने युद्ध विराम को लेकर समझौता करने की मांग की। लोगों ने कहा कि युद्ध समाप्त किया जाए और गाजा में बंद सभी 50 जीवित और मृत बंदियों को वापस लाया जा सके। साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को समझौते कराने के लिए हस्तक्षेप करना चाहिए। प्रदर्शनकारी हाथों में बैनर लिए हुए थे, जिस पर लिखा था कि ट्रंप को बड़ा समझौता कराना चाहिए।



**इस्राइल-हमास के बीच गाजा में करीब डेढ़ साल से चल रहे युद्ध को रोकने की मांग उठ रही है। समझौते की मांग को लेकर इस्राइल की जनता सड़कों पर उतर आई है**


इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि अमेरिका लगातार प्रयास कर रहा है कि गाजा में संघर्ष को खत्म करने के लिए सभी संबंधित पक्षों को एक टेबल पर लाया जा सके। ट्रंप प्रशासन का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो यह संघर्ष और जटिल हो सकता है और इसका असर पूरे पश्चिम एशिया पर पड़ेगा। अमेरिका यह भी सुनिश्चित करना चाहता है कि गाजा में मानवीय संकट न बढ़े।

गाजा में इस्राइल और हमास के बीच जारी संघर्ष को लेकर दोहा में युद्ध विराम वार्ता चल रही है। हमास के प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि समूह अंतरिम युद्धविराम पर विचार नहीं करेगा। हमास के इज्जुद्दीन अल-कस्साम ब्रिगेड के प्रवक्ता अबू उबैदा ने कहा कि हम चल रही वार्ता पर बारीकी से नजर रख रहे हैं और आशा करते हैं कि इसमें एक मजबूत समझौता होगा, जो हमारे लोगों के खिलाफ युद्ध की समाप्ति, कब्जा करने वाली सेनाओं की वापसी और हमारे लोगों को राहत की गारंटी देगा।

वहीं काउंसिल ऑन अमेरिकन-इस्लामिक रिलेशंस (सीएआईआर) ने गाजा में भुखमरी के बावजूद कार्रवाई न करने के लिए वैश्विक समुदाय की निंदा की है। सीएआईआर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने हमारी अपनी सरकार की मिलीभगत से बेंजामिन नेतन्याहू की अति-दक्षिणपंथी सरकार द्वारा फलस्तीनी नागरिकों के नरसंहार को न केवल सहन किया है, बल्कि उसे सामान्य बना दिया है। ये दुर्घटनाएं नहीं हैं। ये अमेरिकी करदाताओं द्वारा दिए गए अरबों डॉलर के हथियारों और सहायता से समर्थित क्रूरता और दंडमुक्ति की प्रणाली के परिणाम हैं। हम इस्राइल के हमले के लिए अमेरिका के सभी समर्थन को समाप्त करने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग करते हैं।

# रूस के प्रशांत तट पर आए दो शक्तिशाली भूकंप, एक की तीव्रता 7.4 मापी गई

**मॉस्को ।** रूस के कामचटका प्रायद्वीप के पास रविवार को समुद्र में दो शक्तिशाली भूकंप दर्ज किए गए। जिनमें से एक की तीव्रता 7.4 रही। इसके बाद प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने क्षेत्र के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की है।



जानकारी के मुताबिक, 7.4 तीव्रता का भूकंप 20 किलोमीटर की गहराई में आया और इसका केंद्र पेत्रोपावलोव्स्क-कामचात्स्की शहर से 144 किलोमीटर पूर्व में स्थित था। इस शहर की आबादी करीब 1.8 लाख है। इससे कुछ मिनट पहले उसी क्षेत्र में 6.7 तीव्रता का एक अन्य भूकंप भी दर्ज किया गया था।

इन दो शक्तिशाली भूकंपों के बाद सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। फिलहाल किसी जानमाल के नुकसान की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन अधिकारियों ने तटीय इलाकों में रह रहे लोगों को सतर्क रहने और ऊंचाई वाले क्षेत्रों की ओर जाने की सलाह दी है। जर्मनी के रीसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंस (जीएफजेड) मॉनिटर ने भी भूकंप की पुष्टि की है कि रविवार को कामचटका क्षेत्र के पूर्व में 6.7 तीव्रता का कम से कम एक भूकंप दर्ज किया गया। जीएफजेड ने बाद में इसे 7.4 तीव्रता का बताया।

आपातकालीन टीमें सक्रिय कर दी गई हैं और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि समुद्र में इतनी तीव्रता वाले भूकंप के बाद सुनामी आने की आशंका बनी रहती है। रूस के आपातकालीन मंत्रालय ने दूसरे भूकंप के बाद सुनामी की चेतावनी के चलते तटीय बस्तियों के निवासियों से तट से दूर रहने का आग्रह किया है। मंत्रालय ने कहा कि निवासियों को निकालने की तत्काल कोई योजना नहीं है।

# स्व. मंत्री राजपाल त्यागी को शोक संवेदनाएं प्रकट कीं





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए रविवार को भी उनके आवास पर समाज के गणमान्य लोग पहुंचे। दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता और समाचार संपादक दीपक भाटी ने पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय राजपाल त्यागी के निधन पर शोक व्यक्त किया और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम थे पार्षदों के धरने के सेंटर में मौजूद? हम रह गये उस वक्त दंग? जब मौके पर आये अधिकारी ने देखकर एक ब्राह्मण पार्षद को मारा पंच? वो पार्षद को देखे और चौंके और कहा आप भी यहां पर मौजूद हैं श्रीमान? उनकी हैरानी करा रही थी इस बात का एहसास? जैसे कोई अपना बदल गया हो श्रीमान? अधिकारी की हैरानी को शर्मा पार्षद भी समझ रहे थे? मगर वो सब कुछ जानते हुए करा रहे थे अनदेखी का एहसास? जैसे उनको अधिकारी के हैरान होने का नहीं था कोई एहसास?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि यूं तो भगवा क्रान्तिकारी त्यागी अपने व्यवहार और शब्दों से करते रहते हैं समय-समय विरोधियों को घायल? मगर हमने देखा, नगर आयुक्त पार्षदों के धरने पर आकर क्या बैठे? मिस्टर त्यागी हो गये कमिश्नर साहब की इस अदा के कायल? वो बाहर जाकर कर रहे थे आयुक्त की तारीफों के गुणगान? कह रहे थे यूं तो हमने कई अधिकारी देखे हैं मगर इन जैसा अधिकारी नहीं देखा श्रीमान? सच बतायें हम जब सुन रहे थे उनके शब्द? तब हमें हो रहा था इसी बात का एहसास? वो जो कुछ कह रहे थे सब सही लग रहा था? बाकी सब कुछ लग रहा था हमें बकवास?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम थे पार्षदों के धरने के आस-पास मौजूद? यहां पर हमें सुनाई दे रहा था मनोज गोयल और अभिनव जैन के दर्द भरे शब्दों का वजूद? वो कह रहे थे यूं तो पड़ी है हमारे ऊपर निगम की अनदेखी की पहले भी बुरी वाली छाया? मगर हम महसूस कर रहे है कि आज तक इतना बुरा वक्त नहीं आया? हमें नहीं लग रहा है इस वक्त बिल्कुल भी ठीक? कहने वाले ने कहा ये शब्द उक्त वक्त निकल रहे थे? जब चली गई थी मुख्यालय की लाईट और दोनों हसबैंड बैठे थे नजदीक?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि निन्यानवे के फेर वाले वार्ड में मैम्बर को ठेकेदार से प्रश्न पूछना पड़ गया भारी? पता चला है वो नाले के निर्माण में सोलह इंच के गैप पर सरिया लगाने की चाह रहे थे जानकारी? सुना है ये बात लग गई ठेकेदार को भारी? उसने इस बारे में जानकारी देना तो दूर रहा, कुछ और ही कर दी करगुजारी? सुना है जब से मैम्बर ने पूछा है ठेकेदार से सवाल? तब से बंद हो गया है ये नाली वाला निर्माण का कार्य? कुछ ज्यादा ही दिल पर लेने वाले ने ले लिया सवाल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के एक भगवा कमिश्नर ने करा दिया दोस्ती पक्की और खर्चा अपना अपना वाला एहसास? उन्होंने नहीं सहयोग करने वाले चेहरों का फोटो होर्डिंग दिया त्याग? 19 चेहरों में से केवल 15 चेहरों को दिया उन्होंने अपने होर्डिंग पर स्थान? जिन्होंने 1500 रुपए नहीं दिये उनका फोटो कर दिया भगवा कमिश्नर ने कुर्बान? कहने वाले ने कहा वो पहले भी ऐसी हरकतें करते आये हैं? उन्होंने इस बार जो किया है उसको देखकर हम नहीं है ज्यादा हैरान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कवि त्यागी को शायद हो गया है भगवागढ़ की गहरी राजनीति का एहसास? सुना है आजकल वो उदाहरण प्रस्तुत करते हुए प्रकट कर रहे हैं अपने जज्बात? वो क्रान्तिकारी त्यागी के सामने दे रहे थे ज्ञान? एक कहावत को सुनाकर उन्होंने कहा चापलूसी से बड़ा होगा नाम? कहने वाले ने कहा ना जाने क्या सोचकर उन्होंने कही ऐसी बात? मगर ज्ञान तो उन्होंने ठीक दिया क्योंकि आजकल कुछ ऐसा ही चल रहा है साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि राजीव भैया ने कर दिया है अब पूरी तरह से क्लीयर? कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष बनने का उनका कोई भी इरादा नहीं है डियर? उन्होंने कहें हैं भरी भीड़ में ये शब्द? कराया है एहसास कि हम किसी और व्यवस्था में गुजार रहे हैं अपना वक्त? हमारा उपाध्यक्ष वाले मैटर में बिल्कुल नहीं फोकस? इसलिए लिखकर तोड़ दो आप ये कोकस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मोहन नगर वाले कांवड शिविर के होर्डिंग पर भगवा पहलवान के फोटो को देखकर खिन्न हो गया किसी का मन? उन्होंने भगवा झा से कराया अपने मन में उठे भावों का एहसास? कहा हमें समझ नहीं आ रहा इनका यहां पर फोटो किसने लगाया है जनाब? भगवा झा ने किया पहलवान के पदाधिकारी होने का इशारा? तो फिर सामने से आवाज आई? अगर ऐसी बात है तो फोटो तो लगना चाहिए था इनके साथ तुम्हारा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पार्षदों के धरने को समाप्त कराने में रहा विधायक संजीव शर्मा का बड़ा रोल? ये ऐसा मामला था जिसमें कई प्रमुख जनप्रतिनिधि नहीं रहे थे बोल? यहां पर कमांडर ने देर रात नगर आयुक्त से बात करके निकाला तमाम समस्याओं का समाधान? कहने वाले ने कहा लैटर तो रात को ही जारी हो गया था? मगर पार्षदों के कहने पर धरने को समाप्त करने का अगले दिन का प्रोग्राम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम बैठे थे पार्षदों के संग? वो कह रहे थे कि मिनट्स वाली लड़ाई हमने जीती है बिना ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि को लिए साथ? हम देख रहे थे ये कहते हुए पार्षदों के चेहरे पर तल्खी नजर आ रही थी कुछ अलग ही दिख रहे थे उनके अंदाज? कह रहे थे अगर कुछ देर के लिए हमारे साथ नजर आ जाता उनका फेस? तो कौन सा बिगड़ जाता निगम का बेस? अगर हमारे नेता ही नहीं देंगे हमारा साथ? तो फिर कैसे रखेंगे हम मजबूती से बात? मगर हमें है इस बात का सुकून? ये वाली जंग हमने उनके बिना ही जीत है साहब?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# हिंडन एयरपोर्ट से शुरू हुई 9 शहरों के लिए इंडिगो की फ्लाइट

## केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने किया शुभारंभ





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट से इंडिगो एयरलाइंस की रविवार को देश के 9 शहरों के लिए फ्लाइट शुरू कर दी गई है। जिसका उद्घाटन केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने किया। जिसके बाद अब हिंडन एयरपोर्ट से अहमदाबाद और इंदौर के लिए भी यात्रियों को फ्लाइट सेवा मिलेगी। इसके अलावा अब हिंडन एयरपोर्ट से प्रतिदिन कुल उड़ानों की संख्या 21 हो गई। इस एयरपोर्ट से एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा पहले से ही विभिन्न शहारों के लिए उड़ाने संचालित की जा रही है। अब इंडिगो एयरलाइंस द्वारा उड़ाने शुरू होने के बाद से इस एयरपोर्ट से यात्रा करने वाले यात्रियों को अधिक शहरों तक पहुंचने के लिए आसानी से फ्लाइट मिल सकेगी।

इन शहरों के लिए शुरू हुई उड़ानें : इंडिगो एयरलाइंस गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट से फ्लाइट सेवा शुरू करने की घोषणा की पिछले माह घोषणा की थी। इंडिगो एयरलाइंस इस एयरपोर्ट से अब देश के मुख्य शहरों अहमदाबाद, इंदौर, पटना, बंगलूरू, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, गोवा और वाराणसी के लिए उड़ाने शुरू की गई है। रविवार दोपहर केन्द्रीय मंत्री राममोहन नायडू ने इसका शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होने कहा कि यहां से इन नए शहरों के लिए विमान सेवा शुरू होने से गाजियाबाद सहित एनसीआर के लोगों को इन शहरों के लिए यात्रा करने में काफी राहत मिलेगी। यह कदम क्षेत्रिय संपर्क को बढ़ाने में बहुत महत्वपूर्ण है। पिछले पांच सालों में हिंडन एयरपोर्ट से यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या में दो गुनी बढौत्तरी हुई है।

अहमदाबाद और इंदौर के लिए भी मिलेगी अब फ्लाइट : इस तरह से हिंडन एयरपोर्ट से अब कुल उड़ानों की संख्या प्रतिदिन 21 हो जाएगी। इंदौर और अहमदाबाद शहर के अलावा एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा अन्य शहरों के लिए पहले से ही उड़ान सेवा संचालित की जा रही है। जिसके बाद अब यात्री हिंडन एयरपोर्ट से अहमदाबाद और इंदौर के लिए भी फ्लाइट लें सकतें हैं। कार्यक्रम के दौरान गाजियाबाद सांसद अतुल गर्ग समेत इंडिगों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# 6 सितंबर को आयोजित होगा राष्ट्रीय प्रेरणा शिक्षक सम्मान समारोह 2025

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान संगठन शिक्षक दिवस के अवसर पर 6 सितंबर को दिल्ली में राष्ट्रीय प्रेरणा सम्मान समारोह 2025 (प्रत्येक विद्यालय से तीन शिक्षाविदों का सम्मान) का आयोजन करने जा रहा है। पिछले वर्ष 2024 में यह कार्यक्रम हमारे द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर, गाजियाबाद में आयोजित किया गया था और उस यादगार कार्यक्रम में 70 प्रतिष्ठित विद्यालयों के लगभग 350 शिक्षाविदों को सम्मानित किया गया था। राष्ट्रीय अध्यक्ष पायलट राकेश त्यागी ने बताया कि हर विद्यालय अपने-अपने क्षेत्र में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान संगठन पिछले कई वर्षों से शिक्षाविदों को सम्मानित करने व उन्हें प्रोत्साहित करने का कार्य लगातार कर रहा है। इसी क्रम में इस वर्ष का यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर पर दिल्ली में आयोजित करने जा रहा है। इसके लिए हर विद्यालय को अपने तीन शिक्षाविदों का चयन स्वयं करना होगा और राष्ट्रीय



शिक्षण संस्थान संगठन की तरफ से प्रत्येक विद्यालय को आवेदन के लिए एक गूगल फॉर्म उपलब्ध कराया जाएगा। रजिस्ट्रेशन केवल विद्यालय प्रबंधन के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। इस अवसर पर पायलट राकेश त्यागी, वी एम त्यागी, राजीव त्यागी, देवेंद्र यादव, सुनील त्यागी, स्वरूप चंद शर्मा, विवेक राठौर, सुषमा त्यागी, पुष्पा रावत, मुकेश त्यागी, तरुण रावत, अर्चित त्यागी आदि अनेक संस्थाओं के मैनेजर्स व प्रिंसिपल उपस्थित रहे।

# एमएसआरटी फैसिलिटी वॉरियर्स ने रॉयल स्टिकर्स को सेमीफाइनल मुकाबले में 3 विकेट से हराया



गाजियाबाद, करंट क्राइम। विपिन सैनी एवं कवलजीत के संयोजन में आयोजित पॉवरप्ले क्रिकेट लीग सीजन-4 में दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला एमएसआरटी फैसिलिटी वॉरियर्स और रॉयल स्टिकर्स के बीच खेला गया। रॉयल स्टिकर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 167/9 रन बनाए। जवाब में एमएसआरटी फैसिलिटी वॉरियर्स के कप्तान सुशील भाटी के नेतृत्व में 17.2 ओवर में 168/7 रन बनाकर रोमांचक जीत दर्ज की।सौरभ शर्मा को शानदार विकेट कीपिंग के लिए बेस्ट फील्डर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। एमएसआरटी टीम की ओर से आकाश यादव ने अर्धशतक (50 रन), के.डी. ने नाबाद 22 रन (1 विकेट), नीरज झा 14 रन (एक विकेट) जितेंद्र (एक विकेट) और योगेश पाटिल ने नाबाद 11 रन बनाए। मुनेश शर्मा ने 3 विकेट और 21 रन की शानदार पारी खेली, उन्हें मैन ऑफ द मैच और बॉलर ऑफ द मैच घोषित किया गया। टीम की जीत में रजनीश, राहुल नागर, रवींद्र भाटी, ओम दत्त शर्मा, सोविन्द्र, अनुराग, जितेंद्र और मानव का सराहनीय योगदान रहा।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# भारत एशियाई मिश्रित बैडमिंटन टीम चैंपियनशिप के अंतिम-8 में



**नई दिल्ली।** भारत ने बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप के ग्रुप डी के मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 110-83 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत ने पहले मुकाबले में श्रीलंका को हराया था।

टूनार्मेंट में 17 टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया है जिसमें से शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुचेंगी। भारत का ग्रुप में तीसरा मुकाबला हांगकांग से होगा। इससे ग्रुप पर शीर्ष स्थान पर रहने वाली टीम का फैसला होगा। पिछले साल मलयेशिया के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में 2-3 से हारने के बाद भारत पदक से चूक गया था। इसलिए टीम का फोकस सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्का करने पर रहेगा।

# श्रीहरि नटराज का जलवा, 100 मीटर फ्रीस्टाइल में सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय बेहतर कर सेमीफाइनल में पहुंचे



**नई दिल्ली।** तैराक श्रीहरि नटराज ने रविवार को विश्व विश्वविद्यालय खेलों में पुरुषों की 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में 'सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय' बेहतर करते हुए 49.46 सेकेंड का समय निकाला और सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई किया। नटराज ने ग्वांग्झू एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता वीरधवल खाड़े के 2008 में बनाए गए 49.47 सेकेंड के समय से बेहतर प्रदर्शन किया।

सेमीफाइनल में पहुंचे नटराज

नटराज ने हीट नंबर 6 रेस जीती और कुल मिलाकर 12वें स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। शुक्रवार को नटराज ने 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में दो बार अपने ही 'सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय' को बेहतर किया था। तैराकी में राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय केवल राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप में ही बनाए जाते हैं। अन्य प्रतियोगिताओं में बनाए गए समय को 'सर्वश्रेष्ठ भारतीय समय' या 'सर्वश्रेष्ठ भारतीय प्रदर्शन' माना जाता है।

# एथलीट मुरली श्रीशंकर ने पुर्तगाल में लंबी कूद का खिताब जीता, 7.75 मीटर की लगाई कूद



**नई दिल्ली।** भारतीय एथलीट मुरली श्रीशंकर ने पुर्तगाल के माइया में विश्व एथलेटिक्स उपमहाद्वीपीय टूर के कांस्य स्तर के टूनार्मेंट मीटिंग माइया सिडाडे डो डेसपोर्टो में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। श्रीशंकर ने 7.75 मीटर की कूद लगाई और शीर्ष स्थान हासिल किया। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता श्रीशंकर ने दूसरे दौर में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया।

## श्रीशंकर-तारकोवस्की ने बराबर फासला नापा

श्रीशंकर ने 7.63 मीटर की कूद के साथ शुरूआत की और दूसरे दौर में 7.75 मीटर की कूद लगाई। तीसरी कूद में उन्होंने 7.69 मीटर का फासला नापा। अगला प्रयास फाउल रहा और इसके बाद 6.12 और 7.58 मीटर की कूद लगाई। पोलैंड के पियोत्र तारकोवस्की ने भी 7.75 मीटर की कूद लगाई लेकिन उनका दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रयास 7.58 मीटर था जो श्रीशंकर के 7. 69 मीटर से कम था। विश्व एथलेटिक्स के नियमों के अनुसार अगर दो खिलाड़ियों में टाई होता है तो दूसरी वैध कूद को टाइब्रेकर माना जाता है।

घुटने के ऑपरेशन के कारण लंबे समय खेल से दूर रहे श्रीशंकर ने इस महीने की शुरूआत में इंडियन ओपन एथलेटिक्स मीट के जरिये वापसी की है। उनकी नजरें सितंबर में टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई करने पर लगी है जिसके लिए स्वतः क्वालीफिकेशन मार्क 8.27 मीटर है। वह 14 अगस्त तक यूरोप और मध्य एशिया में टूनार्मेंट खेलेंगे जिसके लिए सरकार ने 5.58 लाख रुपये मंजूर किए हैं।

# मैनचेस्टर टेस्ट में गिल तोड़ सकते हैं 19 साल पुराना ये रिकॉर्ड, मोहम्मद यूसुफ को छोड़ देंगे पीछे



**नई दिल्ली।** भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल इंग्लैंड के खिलाफ 23 जुलाई से शुरू होने वाले मैनचेस्ट टेस्ट के दौरान बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकते हैं। एक तरफ भारतीय टीम की नजरें सीरीज में बराबरी हासिल करने पर टिकी होंगी, वहीं गिल के पास 19 साल पुराना एशियाई रिकॉर्ड तोड़ने का मौका रहेगा। गिल के पास इंग्लैंड में एक द्विपक्षीय टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले एशियाई बल्लेबाज बनने का मौका है।

गिल फिलहाल शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और उनके पास यह रिकॉर्ड अपने नाम करने का सुनहरा अवसर है। फिलहाल इंग्लैंड की धरती पर एक टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने वाले एशियाई बल्लेबाज का रिकॉर्ड मोहम्मद यूसुफ के नाम है जिन्होंने 2006 में पाकिस्तान के इंग्लैंड दौरे पर चार मैचों में 90.14 के औसत से 631 रन बनाए थे। गिल इस मामले में यूसुफ को पीछे छोड़ने से 25 रन दूर हैं। गिल ने मौजूदा इंग्लैंड दौरे पर गिल ने तीन मैचों में 101.16 के औसत से 607 रन बनाए हैं जिसमें बर्मिंघम टेस्ट की पहली पारी में 269 रन का स्कोर शामिल है।

गिल ने पहले दो मैचों में बल्ले से दमदार प्रदर्शन किया था, लेकिन लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में उनका बल्ला खामोश रहा और वह 16 तथा 6 रन की पारी ही खेल सके थे। भारत को लॉर्ड्स टेस्ट में 22 रनों से हार का सामना करना पड़ा था और टीम फिलहाल पांच मैचों की सीरीज में 1-2 से पिछड़ गई है। भारतीय टीम अब आठ दिनों के अंतराल के बाद बुधवार से इंग्लैंड का सामना करने उतरेगी।

## सीरीज में वापसी पर गिल की नजरें

भारतीय टीम अब सीरीज में वापसी के लिए बेताब होगी। भारत के लिए हालांकि, मैनचेस्टर की चुनौती आसान नहीं रहने वाली है। भारत ने अब तक मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में कुल नौ टेस्ट खेले हैं। इसमें से चार टेस्ट इंग्लैंड जीतने में कामयाब रहा है, जबकि पांच टेस्ट ड्रॉ रहे हैं। टीम इंडिया के पास हार और ड्रॉ के इस सिलसिले को तोड़ने का बेहतरीन मौका है और एक जीत सीरीज को दिलचस्प बना देगी। भारत अगर मैनचेस्टर में 2-2 से बराबरी करने में कामयाब रहता है तो इंग्लैंड के ऊपर दबाव आ जाएगा। फिर सबकुछ 31 जुलाई से केनिंग्टन ओवल में होने वाले पांचवें टेस्ट से तय होगा। टीम इंडिया का कुछ ऐसा ही रिकॉर्ड बर्मिंघम के एजबेस्टन में भी था, लेकिन गिल की टीम इतिहास रचने में कामयाब रही थी। अब मैनचेस्टर में एक बार फिर भारतीय टीम पूरा दमखम लगाने की कोशिश करेगी।

# भारत-पाकिस्तान के बीच डब्ल्यूसीएल का मुकाबला रद्द, भारतीय खिलाड़ियों ने किया था बहिष्कार





**नई दिली।** भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) का मुकाबला रद्द कर दिया गया है। आयोजकों ने यह फैसला भारतीय खिलाड़ियों के नाम वापस लेने के बाद लिया है। डब्ल्यूसीएल ने भी इस संबंध में बयान दिया है। इस मैच को लेकर भारतीय प्रशंसकों में काफी नाराजगी थी। इतना ही नहीं, शिखर धवन, सुरेश रैना और हरभजन सिंह जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के इस मैच का बहिष्कार करने की खबरें भी सामने आई थी।

भारतीय बल्लेबाज शिखर धवन ने भी एक्स पर इस मैच को लेकर रोष जताया था। उन्होंने लिखा, जो कदम मैंने 11 मई को लिया, उस पर आज भी वैसे ही खड़ा हूं। मेरा देश मेरे लिए सबकुछ है और देश से बढ़कर कुछ नहीं होता। जय हिंद।

## सोशल मीडिया पर फैंस ने जताया था रोष

पहलगाम हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया था। इस टूनार्मेंट से सुरेश रैना, शिखर धवन और हरभजन सिंह ने नाम वापस लिया था। हालांकि, सोशल मीडिया पर भी भारत-पाकिस्तान मुकाबले को लेकर काफी रोष जताया जा रहा था। आखिरकार आयोजकों ने इस रद्द करने का फैसला किया। युवराज सिंह की अगुआई वाली टीम का इस टूनार्मेंट में यह पहला मुकाबला था। भारतीय टीम में शिखर धवन, सुरेश रैना, रॉबिन उथप्पा और अंबाटी रायुडू जैसे बल्लेबाज शामिल हैं।

## आयोजकों ने मांगी माफी

डब्ल्यूसीएल ने बयान में बताया कि हाल ही में दोनों देशों के बीच वॉलीबॉल मैच के बाद भारत-पाकिस्तान मुकाबले का कार्यक्रम रखा गया था। हालांकि, मैच रद्द करने का फैसला लिया गया है। डब्ल्यूसीएल भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए माफी मांगता है। न्यूज एजेंसी एएनआई के अनुसार, कई अन्य भारतीय खिलाड़ी भी पाकिस्तान के साथ मैच नहीं खेलने के पक्ष में थे।

# मुक्केबाज निशांत देव ने पेशेवर सर्किट में बरकरार रखी लय, अमेरिका के लाकुआन इवांस को दी मात



**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने पेशेवर सर्किट पर अपना दबदबा बरकरार रखा है और शानदार प्रदर्शन करते हुए अमेरिका के लाकुआन इवांस को तकनीकी नॉकआउट के आधार पर हरा दिया है। 24 साल के निशांत ने अमेरिका के फ्रिस्को में हुए सुपर वेल्टरवेट मुकाबले के छठे दौर में जीत दर्ज की जो पेशेवर सर्किट पर उनकी लगातार तीसरी जीत है। निशांत ने लगातार घूंसे बरसाए जिसके बाद रैफरी ने एक मिनट 58 सेकेंड के बाद मुकाबला रोक दिया। विश्व चैंपियनशिप 2023 में लाइट मिडिलवेट (71 किलो) में कांस्य पदक जीत चुके निशांत इस साल की शुरूआत में पेरिस ओलंपिक क्वालिफायर के क्वार्टर फाइनल में मैक्सिको के मार्को वेर्डे से मामूली अंतर से हारने के बाद पेशेवर सर्किट में उतरे थे।

# अर्जुन-प्रज्ञानंद पर जीत के बाद तीसरे स्थान के लिए खेलेंगे कार्लसन, अमेरिकी खिलाड़ी नाकामुरा से सामना



**नई दिल्ली।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने लय में वापसी करते हुए फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में अर्जुन एरिगेसी को 2-0 और आर प्रज्ञानंद को 3-1 से शिकस्त दी। अब 750,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले इस टूनार्मेंट के फाइनल में हैंस मोके नीमन का सामना अमेरिका के लेवोन अरोनियन से होगा जबकि कार्लसन तीसरे स्थान के लिए दुनिया के दूसरे नंबर के अमेरिकी खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा से भिड़ेंगे।

## प्रज्ञानंद को हराकर की वापसी

कार्लसन के लिए दोनों मैच काफी रोमांचक रहे क्योंकि इससे पहले प्रज्ञानंद ने उन्हें टूनार्मेंट जीतने का मौका हासिल करने से महरूम कर दिया था। भारतीय खिलाड़ी ने इस मिनी-मैच के पहले गेम में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के खिलाफ जीत के साथ शुरूआत की लेकिन नॉर्वे के खिलाड़ी ने रिटर्न गेम में वापसी की और जीत हासिल कर टूनार्मेंट में वापसी की।

## लय को बरकरार नहीं रख सके अर्जुन

वहीं अर्जुन ने पहले गेम में बढ़त हासिल की लेकिन इसे कायम नहीं रख सके जबकि दूसरे गेम में कार्लसन सर्वश्रेष्ठ साबित हुए। अंतिम दिन की अन्य बाजियों में अर्जुन पांचवें स्थान के प्ले-ऑफ के लिए अमेरिका के फैबियानो कारूआना से भिड़ेंगे जबकि प्रज्ञानंद को सातवें स्थान के लिए एक अन्य अमेरिकी वेस्ली सो से भिड़ना है। अब अंतिम दिन सभी की निगाहें नीमन पर लगी होंगी जो अंतिम आठ चरण में सबसे कम रैंकिंग वाले खिलाड़ी हैं और 200,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के लिए वापसी करने वाले अरोनियन के सामने होंगे।

# 'नीतीश को बाहर निकालो..', हरभजन ने की प्लेइंग 11 में बदलाव की मांग



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह ने भारत की प्लेइंग 11 में बदलाव की मांग की है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार रेड्डी की जगह कुलदीप यादव को शामिल करने की बात कही है। बता दें कि, भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला 23 जुलाई से मैनचेस्टर में खेला जाएगा। फिलहाल टीम इंडिया 1-2 से पीछे चल रही है।

इंडिया टुडे से बात करते हुए पूर्व भारतीय खिलाड़ी हरभजन सिंह ने मुख्य कोच गौतम गंभीर को सुझाव दिया कि उन्हें नीतीश की जगह कुलदीप यादव को टीम में शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा, 'मैंने लॉर्ड्स टेस्ट से पहले और बर्मिंघम टेस्ट से पहले भी कहा था कि कुलदीप को खेलना चाहिए। क्योंकि ये अंग्रेज जिस तरह की बेपरवाह बल्लेबाजी करते हैं, उसके लिए यह उतना आसान नहीं है। अगर ऐसा स्पिनर दोनों तरफ स्पिन कराता है, तो वह एक रहस्यमयी गेंदबाज बन सकता है और अहम मौकों पर विकेट ले सकता है।'

भज्जी ने आगे कहा, 'टेस्ट क्रिकेट में ऐसा नहीं है कि वे सिर्फ नई गेंद का इंतजार कर रहे हैं। कुछ ओवर तो फेंके ही जाएंगे। अगर कुछ खास नहीं हो रहा है तो कुलदीप यादव विकेट ले सकते हैं। अगर मेरी टीम होती तो मैं नीतीश को हटाकर सीधे कुलदीप को टीम में लाता।' भारत और इंग्लैंड के बीच जारी इस सीरीज में नीतीश कुमार रेड्डी खुद को साबित नहीं कर पाए हैं। एजबेस्टन टेस्ट की वह दोनों पारियों में वह एक भी विकेट नहीं ले पाए और एक-एक रन बनाकर आउट हुए। वहीं, लॉर्ड्स टेस्ट में उन्होंने अपने पहले ओवर में दो अहम सफलताएं हासिल कीं और दूसरी पारी में एक और विकेट भी लिया। इस बीच बल्ले से उनका निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा, जहां उन्होंने पहली पारी में 30 रन बनाए। फिर रन चेज में उन्होंने 13 रन बनाए और भारत 22 रनों से हार गया।

# हॉकी में रोज चार घंटे तक तकनीक, पेनल्टी कॉर्नर की ट्रेनिंग ले रहे वाराणसी संभाग के 32 खिलाड़ी



**वाराणसी।** केंद्रीय विद्या लय संगठन की राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता लखनऊ में खेली जाएगी। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली वाराणसी संभाग की बालिका टीम घोषित कर दी गई है।

अंडर-14 और 17 की बालिका टीम का प्रशिक्षण शिविर काशी हिंदू विश्वविद्यालय के एंफीथियेटर के एस्ट्रोटर्फ पर 4 घंटे प्रशिक्षण चल रहा है। खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। केंद्रीय विद्यालय (केवी) बीएचयू के खेल शिक्षक कमलेश प्रताप सिंह ने बताया कि शिविर 18 से 28 जुलाई तक चलेगा। खिलाड़ियों को तकनीकी प्रशिक्षण देने के साथ पेनल्टी कॉर्नर का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर में अंडर-14 के 16 और अंडर-17 में 16 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। अंडर-14 टीम का कोच सलीम को बनाया गया है। अंडर-17 का मनोज कुमार वर्मा को बनाया गया है।



केवी मनौरी की है बालिका वर्ग की दोनों टीमें : प्रशिक्षण की जिम्मेदारी केवी भदोही के खेल शिक्षक मनोज वर्मा को दी गई है। अंडर-14 और अंडर-17 दोनों टीम प्रयागराज के केवी मनौरी की है। अंडर-14 की बालिका टीम ने संभागीय हॉकी प्रतियोगिता का खिताब जीतकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया है। अंडर-17 बालिका वर्ग की टीम का चयन ट्रायल के आधार पर हुआ है।

केंद्रीय विद्यालय बीएचयू के दो हॉकी खिलाड़ी लखनऊ में प्रशिक्षण ले रहे हैं। हॉकी खिलाड़ी ममेरे भाई हैं। निशांत यादव और मोहित ने कई मौके पर केवी बीएचयू को जीत दिलाई है। प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने निशांत केंद्रीय विद्यालय की अखिल भारतीय प्रतियोगिता में 2022 और 2024 में टीम को पदक दिला चुके हैं।

वाराणसी। सब जूनियर प्रादेशिक मुक्केबाजी प्रतियोगिता मथुरा में 21 से 23 जुलाई होगी। बालिका वर्ग में बीएचयू के साई सेंटर की तीन मुक्केबाज खेलेंगी। सेंटर प्रभारी जेएस द्विवेदी ने बताया कि सभी कोच की



देखरेख में अभ्यास कर रही हैं।

गोरखपुर की खुशी तिवारी, गाजीपुर की चांदनी मौर्या और वाराणसी के सुंदरपुर निवासी मिट्ठी सिंह प्रतिभा दिखाएंगी। सब जूनियर वर्ग की तीनों खिलाड़ियों का चयन पिछले महीने हुआ। खिलाड़ियों को साइड, हुक और पंच की ट्रेनिंग देने के साथ वर्कआउट कराया जा रहा है।

केंद्रीय विद्यालय की राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी पंजाब में खेली जाएगी। प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय संगठन वाराणसी संभाग की टीम हिस्सा लेगी। खेल प्रशिक्षक कमलेश प्रताप सिंह ने बताया कि वाराणसी संभाग के खिलाड़ी शनिवार सुबह रवाना हुए। अंडर-14 और 17 वॉलीबॉल बालक वर्ग की टीम खेलेगी।

प्रतियोगिता 21 से 25 तक खेली जाएगी। केवी वाराणसी संभाग की 12-12 सदस्यीय टीम रवाना हुई है। अंडर-14 टीम के कोच केवी देवरिया के यूपी सिंह और अंडर-17 टीम की जिम्मेदारी केवी बस्ती के आशीष कुमार सिंह ने दी है। प्रधानाचार्य डॉ. एके सिंह,

## मानव एकेडमी के 18 खिलाड़ियों ने जीते 16 पदक

द्वितीय ऑल इंडिया कराटे लखनऊ के चौक स्टेडियम में शुरू हुई। पहले दिन मानव एकेडमी ऑफ मार्शल आर्ट्स के 18 खिलाड़ियों ने काता और कुमिते में 16 पदक हासिल किए। वर्ल्ड मॉडर्न सोतोकान कराटे फेडरेशन की ओर से प्रतियोगिता 19 और 20 जुलाई को खेली जाएगी। सीनियर व्यक्तिगत कुमिते के 55 किलो में सत्यम पटेल स्वर्ण और काता में रजत पदक, 50 किलो काता में प्रीति कुशवाहा स्वर्ण, कुमिते में रजत, 68 किलो में अंशु गौतम ने स्वर्ण, सुजीत कुमार बिंद 55 किलो में कांस्य, दीपांशु मिश्र ने 70 किलो में रजत पदक जीता। जूनियर वर्ग में खुशी कुमारी ने 59 किग्रा काता में स्वर्ण, कुमिते में कांस्य पदक जीता।

सहायक प्रधानाचार्य आशुतोष पांडेय, शैलेंद्र कुमार और ओपी पांडेय ने शुभकामनाएं दीं।

जिलास्तरीय जूनियर क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल फ्लड लाइट में खेला गया। सिगरा स्टेडियम के नवनिर्मित क्रिकेट मैदान पर जूनियर बालक क्रिकेट का फाइनल स्टेडियम एकादश ए और द क्रिकेट बॉय टीम के बीच खेला गया।

द क्रिकेट ब्वॉय के युवराज की गेंदबाजी की बदौलत स्टेडियम एकादश को चार विकेट से हरा दिया। टॉस जीतकर स्टेडियम एकादश ने 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 84 रन बनाए। अर्पित सिंह ने सर्वाधिक 22 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में द क्रिकेट बॉय के युवराज ने 4 ओवर में 13 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। जवाब में द क्रिकेट बॉय ने 16 ओवर में 6 विकेट खोकर 85 रन बना डाले।

शुभ ने 29 रन बनाए स्टेडियम की ओर हर्ष यादव ने 3 ओवर में आठ रन देकर 4 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच द क्रिकेट बॉय टीम के गेंदबाज युवराज को चुना गया। मुख्य अतिथि वाराणसी क्रिकेट संघ के सचिव जावेद अख्तर और चयनकर्ता नासिर अली ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। संचालन कोच अमल चतुर्वेदी, धन्यवाद क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विमला सिंह ने किया। इस अवसर पर वीसीए के सह सचिव जमाल अख्तर, अजय पांडेय और रंजीत सिंह मौजूद रहे।

बीएचयू में नशा मुक्त युवा भारत अभियान के तहत संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम रविवार को होगा। खेल एवं युवा मामले के मंत्री मनसुख मांडविया एंफीथियेटर ग्राउंड से साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाएंगे। उनके साथ राज्यमंत्री रक्षा निखिल खड्से भी रहेंगी। शुरूआत सुबह छह बजे हो जाएगी, जो कि 7.35 बजे तक चलेगी। ओलंपियन ललित उपाध्याय हरी झंडी दिखाएंगे। कैडेट्स में आर्या मौर्या ने स्वर्ण, आयुषी बिंद ने रजत और सब जूनियर 12 वर्ष आयु से अधिक वर्ग में अर्णव सिंह कांस्य, खुशी रजत, मोहन कांस्य, शेर रजत, कुणाल ने कांस्य पदक जीता।